इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26




वर्ष- 44 | अंक - 314 | राजनांदगांव, शनिवार 04 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## दुनिया के नक्शे में रहना है तो रोकें आतंकवाद, सेना प्रमुख की दो टूक; कहा- भारत ऑपरेशन सिंदूर 2 में संयम नहीं दोहराएगा

नई दिल्ली। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं।



### ऑपरेशन सिंदूरः भारत की दृढ़ कार्रवाई

जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए। उन्होंने बताया कि यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के भीतर नौ लक्ष्यों पर हमला किया, जिनमें से सात सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए। जनरल द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य केवल आतंकियों को निशाना बनाना था, न कि आम पाकिस्तानी नागरिकों को नुकसान पहुंचाना।

### भविष्य के लिए सैनिकों को तैयार रहने का आह्वान

सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

### सीमा पर बसे लोगों को सैनिकों का दर्जा

सीमा के पास रहने वाले लोगों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत इन लोगों को आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

### जनता का उत्साह बढ़ाता है सैनिकों का मनोबल

सेना प्रमुख ने सीमा पर रहने वाली जनता के उत्साह की सराहना की और कहा कि उनका जोश सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे आगे भी हमारे साथ खड़े रहें। मैं उनकी भावना के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।

### वैश्विक समर्थन और भारत की स्थिति

जनरल द्विवेदी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को प्रायोजित किया जा रहा था।

## रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आज बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में होंगे शामिल

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं. रायपुर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया. 4 अक्टूबर को वे जगदलपुर में बस्तर दौरे पर रहेंगे. इसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. पूरे बस्तर संभाग में 3 लेयर में सुरक्षा घेरा बनाया गया है. सभी सुरक्षा कैंप और थानों को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है. वहीं बॉर्डर इलाकों में नाकाबंदी कर सघन जांच की जा रही है.



**इस तरह रहेगा कार्यक्रमः** अमित शाह 4 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे जगदलपुर पहुंचेंगे. यहां वे सबसे पहले दंतेश्वरी मंदिर में देवी की पूजा कर विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की अहम रस्म मुरिया दरबार में शामिल होंगे. इस दौरान मांझी, चालकी, कोटवार, पटेल और मेंबर-मेंबरिन से समस्याओं को सुनेंगे और उनके निराकरण का आश्वासन भी देंगे.

**लालबाग मैदान में आयोजनः** गृह मंत्री शाह के साथ मुख्यमंत्री और राज्य मंत्रिमंडल के कई मंत्री भी बस्तर दौरे पर रहेंगे. मुरिया दरबार के बाद शाह ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल होंगे और आमसभा को संबोधित करेंगे. यहां वे मांझी चालकी और ट्राईबल कमेटी के प्रमुखों के साथ दोपहर का भोजन भी करेंगे. सुरक्षा को लेकर सभी कैंप और थानों के साथ बॉर्डर पर सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. गृह मंत्री के दौरे को लेकर जनता में भी खासा उत्साह है. और लोग बड़ी संख्या में उनके कार्यक्रमों में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं- बस्तर आईजी सुंदरराज पी.

**दौरे से पहले बड़ी संख्या में नक्सल सरेंडरः** बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में विजयादशमी के दिन 103 नक्सलियों ने सरेंडर किया है. सरेंडर करने वाले सभी नक्सलियों पर कुल 1 करोड़ से ज्यादा का इनाम घोषित था. सरेंडर करने वाले 5 नक्सलियों पर 8-8 लाख का इनाम था, वहीं 4 पर 5-5 लाख का इनाम था. ज्यादातर नक्सली संगठन में एक्टिव पदों पर तैनात थे. नक्सलियों के सरेंडर करने की टाइमिंग पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि, शाह के दौरे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मद्रास हाईकोर्ट ने विजय को लगाई फटकार, कहा- भगदड़ के बाद गायब हो गए, इससे सोच पता चलती है

नई दिल्ली। मद्रास हाईकोर्ट ने करूर भगदड़ के मामले में टीवीके नेताओं को जमकर फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि पार्टी के मुखिया विजय भगदड़ के बाद मौके से फरार हो गए और पार्टी ने इस पर दुख तक जाहिर नहीं किया। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। करूर में विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद सीएम एमके स्टालिन मौके पर पहुंचे थे और पीड़ितों से मिले थे। इसके बाद उन्होंने मुआवजे का ऐलान किया था।



मद्रास हाईकोर्ट के मदुरै पीठ ने कहा कि प्रशासन विजय के प्रति नरमी बरत रहा है। पीठ ने घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग की अगुआई में एक एसआईटी के गठन का आदेश दिया और टीवीके नेता बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा।

### पुलिस को भी लगाई फटकार

अग्रिम जमानत से संबंधित सुनवाई में राज्य सरकार ने तर्क दिया कि भगदड़ पार्टी के कार्यकर्ताओं के कारण हुई थी और कहा कि नेताओं ने गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया था। पीठ ने कहा कि अदालत अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती, मूक दर्शक, नहीं बन सकती या अपनी जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती। पूरी दुनिया ने इस घटना और इसके नतीजे देखे। दोपहिया वाहन टीवीके बस के नीचे फंस गए, फिर भी ड्राइवर ने यह सब देखने के बावजूद गाड़ी नहीं रोकी। क्या यह हिट एंड (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ को मिला 3462 करोड़ का टैक्स ट्रांसफर, सीएम साय ने कहा- डबल इंजन सरकार देगी विकास को नई गति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कर हस्तांतरण अंतर्गत 3,462 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय वित्त मंत्री मती निर्मला सीतारमण जी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नवरात्रि एवं दशहरा जैसे पावन अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा दिया गया यह आबंटन छत्तीसगढ़ की जनता के लिए वास्तव में एक अनमोल उपहार है। यह राशि राज्य की वित्तीय संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगी, विकास परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी तथा लोककल्याणकारी योजनाओं को नई ऊर्जा देगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार छत्तीसगढ़ को प्रगति और समृद्धि की नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए सतत प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सहयोग से प्रदेशवासियों का जीवन और अधिक खुशहाल एवं सुरक्षित बनेगा। उल्लेखनीय है कि आगामी त्यौहारी मौसम को देखते हुए और राज्यों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पुतिन बोले- अमेरिका के दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगाः मैं पीएम मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में गुरुवार को आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।



पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसंबर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गुरु दर्शन और संत समागम मेले में शामिल हुए सीएम सायः बोले- गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर बनाएंगे विकसित छत्तीसगढ़

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को रायपुर जिले के आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें नवीन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के कार्य शामिल हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सर्वप्रथम गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि, बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उनके आदर्शों में मानवता और समानता की सीख निहित है। गुरु बाबा ने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया, जिसके परिणामस्वरूप सतनामी समाज आज प्रगति और सौहार्द की दिशा में अग्रसर है।

धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने कहा कि, यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सतनामी समाज ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश आज विकास की राह पर अग्रसर है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में 3 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज, 1077 करोड़ की मिली स्वीकृति

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य में तीन नए सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1077 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सरकार का मानना है कि नए मेडिकल कॉलेजों के खुलने से राज्य में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि होगी और ग्रामीण तथा दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी। इसके अलावा, इससे स्थानीय युवाओं को उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा हासिल करने का बेहतर अवसर भी मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस निर्णय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित करना है और यह मेडिकल कॉलेज उसी दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। सूत्रों के अनुसार, नए मेडिकल कॉलेज ऐसे जिलों में खोले जाएंगे जहां अब तक उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पत्नी गीतांजलि अंगमो ने एनएसए पर उठाए सवाल, सुप्रीम कोर्ट में दायर की हेबियस कार्पस याचिका

नई दिल्ली। लद्दाख के पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में हेबियस कार्पस याचिका दायर कर इसे गैरकानूनी बताया है।



अंगमो ने याचिका में कहा है कि गिरफ्तारी को एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो पति की सेहत की कोई खबर है और न ही डिटेंशन ऑर्डर की कॉपी मिली। उन्होंने NSA (राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम) के तहत गिरफ्तारी पर गंभीर सवाल उठाते हुए तत्काल रिहाई की मांग की है। 24 सितंबर को लेह में हिंसा हुई थी जिसमें 4 लोगों की मौत हुई। पुलिस ने वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया और 26 सितंबर को उन्हें NSA के तहत गिरफ्तार कर लिया। वर्तमान में उन्हें जोधपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है।

### गीतांजलि अंगमो का आरोप

गीतांजलि ने कहा कि आज, शुक्रवार को एक हफ्ता हो गया, लेकिन सोनम की हालत या गिरफ्तारी की वजह की जानकारी नहीं मिली। उन्होंने ड्रग्स लगाने के फैसले को भी नियमों का उल्लंघन बताया है। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और गृहमंत्री अमित शाह को भी चिट्ठी लिखी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)
























## पहला कॉलम...

### सड़क हादसे में परिवार के तीन सदस्य हुए जख्मी



**घायलों को चिकित्सा सुविधा के लिए राजनांदगांव अस्पताल किया रेफर**

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित आरा मशीन के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी को ठोकर मार दी। स्कूटी में सवार संदीप चौहान उसकी पत्नी व मासूम बेटा दुर्घटना में घायल हो गए। घायल दंपति स्थानीय बीड़ी क्वार्टर निवासी बताए गए है। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार टाटा मैजिक के चालक ने ठोकर मारने के बाद स्कूटी सवार को लगभग 20 फीट तक घसीटा और मौके से फरार हो गया। तत्काल मोहल्लेवासियों द्वारा डायल 112 को कॉल किया गया पर आने में देर होने से घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायलों को ऑटो के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले जाया गया। उक्त घटना में संदीप और उनके बेटे प्रियांशु को सिर एवं चेहरे पर चोट लगी है। संदीप की पत्नी सुमन को सिर में गंभीर चोट आई है। जिसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के आध्यात्मिक नेता थे - प्रमोद बागड़ी

राजनांदगांव (दावा)। गांधी जयंती पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रमोद बागड़ी ने महात्मा गांधी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी जी आध्यात्मिक नेता थे उनहोंने सत्य अहिंसा के सिद्धांत पर भारत को आजादी दिलाई। इसी सिद्धांत के आधार पर दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला ने भी दक्षिण अफ्रीका को आजादी दिलाई। गांधी जी ने चीन के माओवादी व रुस के लेलिनवादी विचारधारा को नहीं अपनाया, चीन और रुस मे आजादी के लिए हिंसा कि गई जिसमें बहुत खुन खराबा हुआ पर गांधी जी ने सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर भारत को आजादी दिलाई। इस अवसर पर लायंस क्लब आफ नादंगॉव से लायन डॉ.आनंद वर्गीस लायन संदीप सिंह लायन नंदकिशोर खंडेलवाल लायन दिलीप पात्रे ने माल्यार्पण किया।

### कल समिति साधक स्नेह सम्मेलन मोहारा आश्रम में



राजनांदगांव (दावा)। श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वाधान में कल 5 अक्टूबर रविवार को मोहारा वार्ड नंबर 48 स्थित संत आशाराम बापू आश्रम में एक दिवसीय श्री योग वेदांत सेवा समिति साधक स्नेह सम्मेलन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टी.के चंद्राकर ने बताया कि राजनांदगांव जोन के अंतर्गत आने वाली समस्त समिति डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, चौकी, मोहला, खैरागढ़ एवं गंडई के पदाधिकारी, बाल संस्कार, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल, ऋषिप्रसाद, लोक कल्याण सेतु सेवाधारियों के साथ क्षेत्र के समस्त साधक परिवार सहित एवं छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जोन के मुख्य सेवाधारी समिति सम्मेलन में शामिल होंगे। संस्था के संतोष पिल्ले, लेखराम साहू व महेश रायचा ने जिले के समस्त साधकों को अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित सम्मेलन में शामिल होने का अपील की है।

### आज जिला साहू संघ आवश्यक बैठक

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर जिला अस्पताल नजदीक जिला साहू संघ के साहू सदन में आज 4 अक्टुबर दिन शनिवार को समय 11 बजे आहूत है। जिलाध्यक्ष भागवत साहू के माध्यम से जिला महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि समस्त पदाधिकारीगण, जिला साहू संघ अध्यक्ष/सचिव तहसील साहू संघ राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, नगर साहू संघ राजनांदगांव, लालबहादुर नगर, कुमर्दा, छुरिया, घुमका, जिला राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारी एवं अध्यक्ष सचिव तहसील, परिक्षेत्र अपनी-अपनी उपस्थिति देकर सहभागिता देंगे। इस बैठक में छ.ग. साहू संघ के नवीन सामाजिक नियमावली अनुसार एवं जिला साहू संघ के निर्देशन में हो रहे ग्राम परिक्षेत्र साहू संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची 1-1 प्रति में समस्त तहसील ग्राम व परिक्षेत्र वार लेकर आने। तहसील साहू संघ निर्वाचन एवं पुर्नगठन हेतु मतदाताओं की सूची अपने तहसील में चस्पा कर दावा आपत्ति पश्चात् जिला साहू संघ में जमा करेंगे।

**सूचना**

घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।
व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव







# फूलबासन यादव को सांसद व 21 संस्था प्रमुख ने दिया राजनांदगांव रत्न सम्मान



**अन्य 9 रत्नों प्रतिभाओं का भी सम्मान**

राजनांदगांव (दावा)। श्री बागेश्वर धाम मंदिर मां बमलेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल में नवरात्र महानवमी को नारी शक्ति जागृति हेतु पद्मश्री फुलबासन यादव को राजनांदगांव रत्न का सम्मान नगर के सांसद संतोष पांडे तथा 21 सामाजिक व धार्मिक सेवा संस्थाओं द्वारा प्रदान किया गया। आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, महेश शर्मा, विजय गुप्ता, महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता द्वारा सम्मान समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि इस नवरात्र में संस्कारधानी का गौरव बढ़ाने वाली नारी शक्ति जागृति नारी उत्थान, नारी आत्मनिर्भरता सहित पर्यावरण स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य करने वाली पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव को प्रदान किया गया। साथ ही संस्कारधानी के नवरत्न प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया।

पत्रकारिता सेवा हेतु सूरज बुद्धदेव, धार्मिक सेवा हेतु राकेश ठाकुर शनिधाम, मानव धर्म सेवा हेतु गुरमुख दास वाधवा, चिकित्सा सेवा हेतु डॉ. नरेंद्र गांधी, आत्मनिर्भरता क्षेत्र हेतु रसिका टेंबुलकर, नारी समूह व्यापार प्रोत्साहन हेतु श्रीमती हेमलता वर्मा, जैविक कृषि प्रोत्साहन हेतु धनेशवरी मंडावी, आर्थिक शक्ति जागृति हेतु जानिया साहू तथा साथ ही अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों के शिक्षकों सेवकों का सम्मान सांसद संतोष पांडे व 21 सामाजिक सेवा संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के आरंभ में सर्वप्रथम मां जगत जननी की स्तुति श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता द्वारा की गई, श्रीमती शारदा तिवारी, मधु खंडेलवाल कांति मौर्य, माया अग्रवाल मोना गोसाई आदि नारी शक्तियों द्वारा महाआरती कर आरंभ किया गया। अधिवक्ता अमलेंदु हाजरा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया, संयोजक पंकज गुप्ता द्वारा श्रीमती फूलबासन यादव का जीवन परिचय व उनके साधारण नारी से प्रेरणादायी नारी बनने तक का सफर का परिचय दिया गया। तत्पश्चात सांसद संतोष पांडे, श्रीमती फूलबासन यादव के द्वारा संबोधन दिया गया।

सांसद संतोष पांडे सहित 21 सामाजिक सेवा संस्थाओं के प्रमुखों में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट से सोहनलाल गुप्ता, यादव समाज से रितेश यादव, सकल जैन समाज से मनोज बैद, उदयाचल परिवार से राजेंद्र बाफना, बढ़ते कदम से राजा माखीजा, पूज्य सिंधी समाज से गुरमुख दास वाधवा, कस्तूरबा महिला मंडल से शारदा तिवारी, आशा गुप्ता, सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट समिति से अशोक लोहिया, अधिवक्ता संघ से मनोज चौधरी, बाल रत्न सेवा मंच से महेश शर्मा, शनिधाम मंदिर से राकेश ठाकुर, संस्कार राजपूत, लायंस क्लब से अमलेंदु हाजरा, कसौधन वैश्य समाज से शरद गुप्ता, सिक्ख समाज से हरजीत सिंह भाटिया, पूर्व सैनिक संघ से राजेश शर्मा, अभिलाषा से शिक्षकगण अग्रहरि वैश्य समाज से नवीन अग्रहरि, प्रेस क्लब से पूर्व अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव, पत्रकार रवि मुदीराज, आस्था व योगासन समिति से हेमंत तिवारी शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति से डॉ.डी सी जैन, लायनेस क्लब से मोना गोसाई सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष भावेश अग्रवाल महिला अध्यक्ष मधु खंडेलवाल व उपस्थित अन्य समाजसेवियों गणमान्य नागरिकों द्वारा पद्मश्री फूलबासन यादव को राजनांदगांव रत्न प्रदान कर उन्हें शॉल व प्रतीक चिन्ह से व नौ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के पश्चात श्री बागेश्वर धाम मंदिर में भंडारा महाप्रसादी में सैकड़ों भक्तजनों ने माता के भंडारा के प्रसादी प्राप्त की। दोपहर में बागेश्वर धाम मंदिर में कन्या भोज में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज करवाकर उन्हें उपहार प्रदान किए गए। सम्मान समारोह में विशेष रूप से अभिलाषा की दिव्यांग बच्चे उपस्थित थे, दिव्यांग बच्ची देविका कोराम द्वारा जिसका एक पैर नहीं है के द्वारा नृत्य की शानदार प्रस्तुति पर उपस्थितजनों द्वारा नगद राशि प्रदान कर सम्मान किया गया। माँ बमलेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम आयोजन समिति के सेवा अध्यक्ष भावेश अग्रवाल व समस्त सेवा कार्यकारिणी द्वारा संस्कारधानी के सभी सहयोगियों संस्थाओं व प्रशासन का व्यवस्था में सहयोग हेतु आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता सौरभ गुप्ता द्वारा दी गई।

## लखोली में दशहरा महोत्सव धूमधाम से संपन्न, रावण दहन देखने उमड़ा जनसैलाब

**सुनील बंसोड़ के लोकगीतों और भजनों ने बिखेरा समां, जनमानस झूम उठा**



राजनांदगांव (दावा)। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली में इस बार विजयादशमी का पर्व यादगार बन गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव का आयोजन युवा संगठन द्वारा किया गया लेकिन इस बार का उत्सव अपने भव्य आयोजन और ऐतिहासिक भीड़ के कारण विशेष बन पड़ा। हजारों श्रद्धालु और नगरवासी लखोली स्कूल मैदान में उमड़े जहां असत्य और अधर्म के प्रतीक रावण का विशाल पुतला दहन किया गया। इस क्षण ने अच्छाई की विजय का संदेश पूरे क्षेत्र में गूंजा दिया।

भव्य आयोजन का नेतृत्व भाजपा नेता रविंद्र रामटेके ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि लखोली क्षेत्र में लगातार 18 वर्षों से दशहरा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। वार्डवासियों की सहभागिता और आसपास के गांवों व शहरों के लोगों की उपस्थिति से यह आयोजन अब सामाजिक सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामायण से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। उन्होंने रावण दहन को केवल प्रतीकात्मक घटना न मानते हुए इसे आत्मचिंतन का अवसर बताया जिसमें हर व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण लोकप्रिय लोकगायक सुनील बंसोड़ और उनकी टोली रही। उनके मधुर लोकगीतों और भक्तिमय भजनों ने ऐसा जादू बिखेरा कि देर तक दर्शक तालियाँ बजाते और झूमते रहे। उनकी प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्ति और उत्साह से भर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी कलाकारों की प्रस्तुतियों में खोए नजर आए। इस दौरान समिति ने लोकप्रिय लोकगायक सुनील बंसोड़ को सम्मानित किया। पूरा आयोजन क्षेत्र मेले की शक्ल में तब्दील हो गया। बच्चों के झूले, खान-पान की दुकानें, आतिशबाजी और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे इस पर्व को और भी रंगीन बना रहे थे। रावण दहन के बाद जैसे ही आतिशबाजी ने आकाश को रोशन किया पूरा लखोली क्षेत्र उत्साह और उमंग में झूम उठा। लखोली का दशहरा महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बन गया। यहां विभिन्न वर्गों, समुदायों और पीढ़ियों के लोग एकजुट होकर एक ही मंच पर संस्कृति का उत्सव मनाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में रविन्द्र रामटेके, भानु मरकाम, फिरोज मेमन, नरेश साहू, छन्नू साहू, राज साहू, नरेंद्र सहारे, शकुर चौहान, नरोत्तम साहू, दीपक श्रीवास, तामेश्वर साहू, शानु खान, श्रीराम साहू, हेमलाल साहू, दीपक सोनकर आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन संतोष निर्मलकर ने किया।

## पेट, लिवर रोग विशेषज्ञ पहले एवं तीसरे रविवार को राजनाँदगांव मेडिकोज में

**सिर दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, मिर्गी,लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ राजनांदगांव में**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी, इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान नाक गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जनतो रघुपति राघव राजाराम का गायन किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को नशा मुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। इस मौके पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निगम में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई

**महापौर ने किया सफाई मित्र, स्वच्छता दीदीयों, ओमेन फार ट्री की महिलाओं, एन.एस.एस. के विद्यार्थी एवं संत निरंकारी मण्डल के पदाधिकारियों का सम्मान**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में पुष्पाजंलि अर्पित की गयी। महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, उप नेता प्रतिपक्ष मुकेश साहू, पार्षद प्रमोद झंझाडे, श्रीमती झामित नादान सेन एवं रवि सिन्हा, कार्यपालन अभियंता व प्रभारी आयुक्त दीपक खाण्डे द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवल किया गया। इसके अलावा निगम पदाधिकारियों ने पुराना बस स्टैण्ड स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि अर्पित की।

इस अवसर पर रजत जयंती वर्ष अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में सफाई संबंधित कार्य करने वाले उद्यमी सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों, एवं स्वच्छता में सहयोग करने वाले एन.एस.एस. के विद्यार्थी तथा संत निरंकारी मण्डल के पदाधिकारियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण करने वाली ओमेन फार ट्री की महिलाओं को साडी वितरण किया गया। महापौर श्री यादव ने अपने संबोधन में विजयादशमी एवं गांधी शास्त्री जयंती की बधाई देते हुए उनके द्वारा देश के लिये किये गये कार्यो को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग में चल कर देश को आजादी दिलाई। वही शास्त्री जी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों, जवानों एवं देश हित में कार्य कर देश को उन्नति के शिखर पर ले गये। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज स्वच्छा ही सेवा अभियान के अंतिम दिन स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र व स्वच्छता दीदीयों के अलावा विद्यार्थियों एवं समाजसेवी संस्था का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वच्छताकर्मी जी जान लगाकर सफाई कार्य संपादित करते है, इन्हीं के मेहनत से एवं शहरवासियों के सहयोग से इस बार हम स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में 14वॉ स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार मेहनत एवं सबके सहयोग से हम आगामी सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाडा का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना है। इस बार के सेवा पखवाडा में विद्यार्थियों एवं समाज सेवी सस्थाओ ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया, इसी प्रकार सहयोग से हमारा शहर स्वच्छ एवं साफ होगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री वर्मा एवं निगम पदाधिकारियों ने भी गांधी, शास्त्री जयंती की बधाई देकर उनके बताये मार्गो पर चलने की अपील कर आज के शुभ अवसर पर सम्मानित होने वाले स्वच्छता कर्मी, विद्यार्थी एंव सामाजिक संस्था को बधाई देकर इसी प्रकार स्वच्छता में हर समय सहयोग की अपील की।

**NAME CHANGE**

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I, RUPAL LOHIYA W/O AYUSH LOHIYA HOUSE NO. 304 K, WARD NO. 29 LAKHOLI MAHESHWARY MEDICAL AGENCIES RAJNANDGAON (C.G.)
HAVE CHAMGE MY OLD NAME RUPAL SATYA-NARAYAN RATHI. SO IN FUTHER I SHOULD BE RECOGNIZED BY MY NEW NAME THAT IS RUPAL LOHIYA W/O AYUSH LOHIYA IN ALL GOVERNMENT OTHER DOCUMENT.

RUPAL LOHIYA
W/O AYUSH LOHIYA
HOUSE NO. 304 K,
WARD NO. 29 LAKHOLI,
MAHESHWARY MEDICAL AGENCIES,
RAJNANDGAON (C.G.)

**NAME CHANGE**

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I, SHABNAM SHAGUFTA W/O SHEKH MUNAVVER ZARIN HOUSE NO. 5, WARD NO. 12 NOORI MASJID GAURI NAGAR RAJNANDGAON (C.G.)
MY HUSBAND NAME IS PRINT MISTEK OLD PASSPORT SHEKH MUNAWWAR ZARIN. SO IN FUTURE. I SHOULD BE RECOGNISED BY MY HUSBAND NAME IS SHEKH MUNAVVER ZARIN
IN ALL GOVERNMENT RECORDS AND OTHER DOCUMENTS.

SHABNAM
W/O SHEKH MUNAVVER ZARIN
HOUSE NO. 5, WARD NO. 12
NOORI MASJID GAURI NAGAR
RAJNANDGAON (C.G.)

## नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**आरोपी से 30 नग नशीली टेबलेट सहित मोटर सायकल जप्त**




राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 नग नशीली टेबलेट के साथ मोटर सायकल भी बरामद किया है।

डोंगरगढ़ थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाकर उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। इसी अभियान के तहत 1अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दिव्यांश सिंग ठाकुर पिता देवी सिंग ठाकुर निवासी खूंटापारा डोंगरगढ़ द्वारा शहर क्षेत्र में घुम-घुम कर नशीली टेबलेट बेचता है। जो केटीएम कंपनी की डियुक 390 काले रंग की मोटर सायकल क्र.- सीजी-04/पीबी 2307 में घूम रहा है। इस सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुये मुखबीर के बताये अनुसार घटना स्थल बोरतलाब रोड चिद्दो मोड़ के पास पंहुचकर रेड कार्यवाही करते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ा और उसकी तलाशी लिया गया। इस पर उसके पास से उसकी मोटर सायकल क्र.- सीजी-04/पीबी 2307 का तलाशी लेने पर मोटर सायकल के सीट के नीचे एक पीले रंग के कैरी बैग में कुल 03 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10-10 नग टेबलेट कुल 30 नग नशीली टेबलेट मिला, जिसे मोटर सायकल सहित व बिक्री रकम 550 रू को जप्त किया गया और आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि प्रकरण विवेचनाधीन है तथा प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन मशीन में कार्य करने हेतु हेल्पर आवश्यकता है।

-: संपर्क :-
दैनिक 'दावा' कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-5-7
134-8 145-0

राजधानी
1-6-0
779-3 126-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय 38 छ.ग. बटालियन एनसीसी, राजनांदगांव (छ.ग.)**

दूरभाष नं. 07744-296278, 9340628399 email-38cgbnnccrjn@gmail.com

38 बटा/ 316/क्यू/एनसीसी | 30 सितम्बर 2025

**निविदा**

इस कार्यालय द्वारा 625 एनसीसी छात्रों का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-154 दिनांक 24 अक्टूबर 2025 से 02 नवंबर 2025 तक बालक छात्रावास, पेंड्री (शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाँव) में आयोजित किया जायेगा। जिसके लिये लगभग 15 से 16 लाख रूपये की राशन सामग्री क्रय की जानी है। अतः पंजीकृत थोक राशन विक्रेताओं से राशन हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 03 अक्टूबर 2025 से 12 अक्टूबर 2025 तक आवश्यक रूप से 38 छ.ग. बटालियन एनसीसी कृष्णा विहार सहदेव नगर राजनांदगांव से प्राप्त करेंगे तथा 14 अक्टूबर 2025 को समय पूर्वान्ह 12 बजे तक अनिवार्य रूप से 38 छ.ग. बटालियन कृष्णा विहार सहदेव नगर, राजनांदगांव के कार्यालय में सीलबंद बाक्स में अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। उक्त दिनांक के बाद प्राप्त निविदाएं किसी भी स्थिति में स्वीकृत नहीं की जावेगी। राशन सामग्री, दुध, दही, पनीर, चिकन, अण्डा, मछली व फ्रेस सब्जी आदि की सूची कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्राप्ति की तिथि - 03 अक्टूबर 2025 समय पूर्वान्ह 12 बजे से 12 अक्टूबर 2025 समय अपरान्ह 4 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 14 अक्टूबर 2025 समय पूर्वान्ह 12 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 15 अक्टूबर 2025 समय अपरान्ह 02 बजे

जी- 252603895/1

(Pravaal) Coloner
Officer Commanding
38 CG Battalion NCC
Rajnandgaon (CG)

# बॉलीवुड सिंगर असीस कौर के गीतों में झूमी संस्कारधानी

राजनांदगांव(दावा)। विजयदशमी के अवसर पर जनमहोत्सव समिति द्वारा म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को दर्शकों की भीड़ ने यादगार बना दिया। कार्यक्रम को देखने मैदान के अलावा फ्लाई ओवर के ऊपर व मैदान के आसपास की बिल्डिंगों में खचाखच भीड़ रही। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सिंगर असीस कौर ने अपनी परफॉर्मेंस से संस्कारधानी के लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। ग्राउंड में जब सिंगर असीस कौर ने अंख लड़ जावे, सारी रात नींद न आवे गाना गाया, तब दर्शक दिर्घा ने भी उनका साथ दिया और उनके साथ गाना गाया। कार्यक्रम की शुरूआत असीस ने दिल चैन कहीं न आवे गाने से की, इसके बाद बेखयाली में भी तेरा ख्याल आए, जां निसार है, जुगनी जी गीत गया। परफॉर्मेंस के दौरान राता लंबिया लंबिया.., वे कमलया, तू है तो मुझे फिर और क्या चाहिए, चोट दिल में लगी प्यार होने लगा, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया..., एक से बढ़कर एक बॉलीवुड गाने गाए। कार्यक्रम में देर रात तक दर्शक बॉलीवुड नाइट में असीस कौर के गानों पर झूमते रहे। इस बीच आकर्षक आतिशबाजी और भक्ति गीत के बीच मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने रिमोट के जरिए 61 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के आयोजन की जमकर सरहाना की। उन्होंने जनमहोत्सव के लगातार 18वें सफल आयोजन के लिये जन महोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी सहित उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि शहर की जनता के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आयोजन समिति के सदस्यों ने विजय दशमी के सुन्दर उत्सव को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। इसके चलते आयोजन इतना भव्य रूप ले सका है। इसके पीछे आयोजन समिति का उत्साह और आम जनता का प्रोत्साहन है जो इतनी बड़ी संख्या में इस पावन उत्सव को देखने आई है। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेन्द्र गोलछा सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी शिरकत की। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने समिति के बैनर तले विगत 18 वर्षों से आयोजित किए जा रहे विजयादशमी महोत्सव कार्यक्रम को शहर व जिले की जनता से मिल रहे बेहतर प्रतिसाद के लिए जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के आयोजन की यात्रा 2008 में शुरू हुई थी, अब यह आयोजन 18 वर्ष का हो चुका है, यानि बालिग हो गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति इससे भी भव्य कार्यक्रम आयोजित करेगी। श्री कोठारी ने व्यवस्था में सहयोग के लिए जिला व पुलिस प्रशासन, विद्युत विभाग, नगर निगम, मिडिया तथा समिति के सदस्यों एवं सभी सहयोगियों का आभार जताया।





म्युनिस्पल स्कूल में रावण दहन और आतिशबाजी देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के आयोजन में उमड़ी ऐतिहासिक भीड़

### अनुशासित दिखे दर्शक, कार्यक्रम को सराहा

कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि असीस को सुनने दुर्ग, भिलाई, कवर्धा व बालोद के संगीत प्रेमी भी नांदगांव पहुंचे थे। शहर के लोग कार्यक्रम में शामिल होने तय समय से पहले ही कार्यक्रम स्थल पहुंच गए। म्युनिस्पल स्कूल मैदान में शाम छह बजे से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। साढ़े सात बजे तक मैदान ठसाठस भर गया। बैठक व्यवस्था के लिए लगाई गई कुर्सियों के भर जाने के बाद लोग बेरिकेटिंग के अंदर और बाहर अनुशासित ढंग से खड़े हो कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहे। लोगों को जहां जगह मिली, वहीं से कार्यक्रम का मजा लेने लगे। मैदान के आसपास के भवनों की छतों और फ्लाई ओवर के ऊपर खड़े होकर लोगों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। दर्शकों की सुविधा के लिए आयोजन समिति के द्वारा की गयी व्यवस्था की लोगों ने जमकर तारीफ की।

### भीड़ के आगे मैदान छोटा, बड़े मैदान की चिंता-डॉ रमन सिंह

कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. रमन सिंह ने लोगों से मिले अपार स्नेह को देख श्री सिंह भी गदगद हो गए और उन्होंने सभी के प्रति अपना आभार जताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसढ़ जन महोत्सव समिति अब युवा हो गयी है और इस समिति के आयोजन को लोगों का मिल रहा अपार समर्थन ही सफल बनाता है। मैदान में खचाखच भरी भीड़ देखकर उन्होंने कहा कि आज शहर का सबसे बड़ा मैदान भी छोटा लग रहा है। ऐसे में भविष्य के लिए उन्हें बड़े मैदान की चिंता हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दशहरे के अवसर पर आपके बीच होना आपके दर्शन करना हमेशा मुझे सुकून देता है। भगवान श्री राम की आराधना कर सदियों से चल रही इस परंपरा के निर्वाह का हिस्सा बनना हमेशा मुझमें गहरी अनुभूति भरता है। शहर में दशहरा पर्व का इतना व्यवस्थित आयोजन और इतना सुखद माहौल मुझे हमेशा सुख प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि लोगों की दशहरा मैदान में भारी संख्या में उपस्थिति यह बताती है कि हम अपनी परंपरा को लेकर कितने सजग है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह आयोजन और भव्य रूप लेगा।

### रिमोट से रावण दहन, एआई तकनीक की आतिशबाजी ने लोगों का मन मोहा

श्री कोठारी ने बताया कि म्युनिस्पल स्कूल में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में डिजीटल इंडिया की झलक देखने को मिली। यहां सीएम ने रावण के पुतले का दहन रिमोट से किया। कार्यक्रम के दौरान राम, लक्ष्मण और हनुमान के साथ मुख्यमंत्री ने जैसे ही रिमोट का बटन दबाया रावण का पुतला धूं-धूं कर जलने लगा। लोगों को रावण दहन का यह नया प्रयोग बेहद पसंद आया। कार्यक्रम के दौरान मुंबई से पहुंची टीम ने जबरदस्त एआई कम्प्यूटराजाईज्ड आतिशबाजी का नजारा पेश किया। एआई तकनीक से लैश आकाशीय आतिशबाजी ने इस बार दर्शकों को काफी प्रभावित किया।

## शहीदी यात्रा का शहर कांग्रेस ने किया आत्मीय स्वागत

### नौवें गुरू तेगबहादुर साहेब जी की 350वी शताब्दी शहादत यात्रा शहर पहुंचे



राजनांदगांव (दावा)। सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा हिंद की चादर नौवें गुरू श्री गुरू तेगबहादुर साहेब जी की 350वीं शताब्दी शहादत को समर्पित 10 दिवसीय शहीदी यात्रा निकाली गई है जो शुक्रवार 03 अक्टूबर को राजनांदगांव शहर आगमन हुआ, जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में स्थानीय मानव मंदिर चौक पर यात्रा का फुलमालाओं व भव्य अतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया।

शहीदी यात्रा समूह संगत की अगुवाई नगर-कीर्तन के साथ पहुंची जहां पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के अगुवाई में कांग्रेसजनों द्वारा फुलमाला व आतिशबाजी के साथ स्वागत सत्कार स्वागत किया। इस दौरान श्री छाबड़ा ने कहा कि 350 साल पूर्व हिंदू धर्म की खातिर, तिलक और जनेउ की रक्षा के लिए शहादत देने के कारण ही श्री गुरूतेग बहादुर साहेब को हिंद की चादर के सम्मान से संबोधित किया जाता है। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, अमित चंद्रवंशी, शकील रिजवी, अतुल शर्मा, प्रज्ञा गुप्ता, मोहनी सिन्हा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सुरेन्द्र देवांगन, भोला यादव, भरत सोनी, डा.पोषण साहू, सुरेन्द्र गजभिए, इशांक खान, मामराज अग्रवाल, संदीप जायसवाल, संदीप सोनी, सागर ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## बछड़े को पुलिस वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

डोंगरगांव (दावा)। नगर के पुराने अस्पताल के पास सुबह करीब 10 बजे राजनांदगांव की ओर से आ रही पुलिस गाड़ी ने एक बछड़े को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे इस गोवंश को कई जगहों पर चोट आई है और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों कड़ी नाराजगी जाहिर की और उन्होंने बताया कि जिस वाहन से घटना हुआ है, उसमें पुलिस लिखा था और मिल्ट्री के जवानों वाले कपड़े पहने थे।

बैल को जबरदस्त टक्कर मारने के बाद उन्होंने पशु धन को बचाने की कोशिश नहीं की, उस समय तक बैल जिंदा था। वहीं उनके द्वारा अमानवीयता दिखाते हुए अपने वाहन को देखा और चलते बने, मौके पर नपं अध्यक्ष और मीडिया पहुंची तब नागरिकों ने पूरी घटना बताई। पहले नगर के थाने के वाहनों की हड़ताल की गई। जिसमें पता लगा कि उक्त वाहन डोंगरगांव थाने का नहीं है और चौकी-मोहला की ओर गई है। वही गाड़ी का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया लेकिन वहां के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई।

## श्रीराम के जयघोष से गूंजा राजनांदगांव, विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन



राजनांदगांव(दावा)। विजयादशमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर महावीर चौक में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और आस्था से भर गया। शस्त्र पूजन के दौरान ओंकार और विजय महामंत्र श्रीराम जय जय राम जय जय राम का सामूहिक रूप से जाप किया गया। कार्यकर्ताओं ने परंपरागत तरीके से शस्त्रों पर तिलक कर पुष्प अर्पित किए और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने कहा, श्रीराम ने एक तपस्वी होते हुए भी शस्त्र नहीं त्यागे, बल्कि अधर्म के विनाश के लिए उनका उपयोग किया। आज हर सनातनी को सज्जन शक्ति बनकर राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी शक्तियों का मुकाबला करना होगा।

उन्होंने कहा कि आज के समय में लव जिहाद, धर्मांतरण, ए भूमि जिहाद और जनसंख्या असंतुलन जैसे मुद्दों को समझकर समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। शहर कार्यकर्ता को समाज के बीच जाकर इन विषयों पर संगठित और सक्रिय भूमिका निभानी होगी। इस अवसर पर विभाग मंत्री अनुप श्रीवास, विभाग सह मंत्री सुनील सेन, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी, प्रांत सह संयोजक प्रशांत दुबे, जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा, नगर अध्यक्ष शिव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष योगेश मुदलियार, नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा अखिलेश गुप्ता, रवि राजपूत, पिंटू समरित, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, अंशुल कसार, अभिषेक शर्मा, विकास जांगिड़, मोहित यादव, सारंग ताम्रकार, रामावतार जोशी, उत्कर्ष शर्मा और दर्शन चोटिया समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में देश और धर्म की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया गया।

## संगठन सृजन पर्यविक्षक चरण सिंह सप्रा 6 से तीनों जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। अभा कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित संगठन सृजन कार्यक्रम जिसके अंतर्गत जिला अध्यक्षों के चयन हेतु एआईसीसी से पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। राजनांदगांव, मोहला-मानपुर, चौकी और खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के लिए मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सप्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सप्रा के साथ पूर्व मंत्री उमेश पटेल विधायक संदीप साहू एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर सह पर्यवेक्षक के रूप में रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि श्री सप्रा 5 तारीख को राजनांदगांव में रात्रि विश्राम कर 6 से 9 अक्टूबर तक जिला कांग्रेस अंतर्गत विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला जनपद, नगर पालिक, नगर पंचायत पदाधिकारियों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल सहित कांग्रेस के अनुसांगिक संगठनों की बैठक लेंगे। 6 अक्टूबर को प्रातः 11:30 बजे सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला कांग्रेस ग्रामीण व शाम 5 बजे से शहर जिला कांग्रेस कमेटी राजनादगांव अंतर्गत वरिष्ठ कांग्रेसजनों विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष पार्षद, पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस सहित अनुसांगीक संगठनों की बैठक लेंगे।

7 अक्टूबर को श्री सप्रा प्रातः 11:30 बजे मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले की बैठक लेंगे, पश्चात वे 4:30 बजे डोंगरगांव विधानसभा में कांग्रेसजनों की बैठक कांग्रेस भवन में राय सुमारी करेंगे। 8 अक्टूबर को प्रातः11.30 बजे से खैरागढ़ छुईखदान गंडई की बैठक खैरागढ़ में लेकर राय सुमारी करेंगे। 9 अक्टूबर को प्रातः 11:30 बजे खुज्जी विधानसभा की बैठक छुरिया साहू भवन में लेकर राय सुमारी कर अपरान्ह 4:30 बजे डोंगरगढ़ विधानसभा की बम्लेश्वरी मंदिर हाल में बैठक लेंगे। 10 अक्टूबर को राजनांदगांव में सामाजिक संगठनों, बार एसोशियेसन, व्यापारी संगठनों, प्रेस एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों से राय सुमारी करेंगे।

## किशोरों और पालकों के लिए 'संवाद से समाधान' बाल स्वास्थ अकादमी का अभिनव कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय बाल स्वास्थ अकेडमी के छत्तीसगढ़ प्रांतीय शाखा का रजत जयंती सम्मेलन दिनांक 3,4,5 अक्टूबर को राजनंदगाँव में आयोजित होने जा रहा है।

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के करीब 250 बाल स्वास्त विशेषज्ञ तथा देश के विभिन्न नगरों जिसमें दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, नासिक, हैदराबाद नागपुर और ग्वालियर से प्रख्यात विशेषज्ञ अपनी सहभागिता देंगे। इस सम्मेलन में नवीनतम शोधों तथा शिशु बाल तथा किशोर स्वस्थ से संबंधित विभिन्न विषयों पर विषद चर्चा तथा कार्यशाला होगी। इस सम्मेलन में एक अभिनव कार्यक्रम संवाद से समाधान 3 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे से 5 बजे तक पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकार ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें किशोर वय के बच्चों एवं पालकों के बीच नयी पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के मध्य परि-संवाद हुआ, तथा उनके जीवन कौशल, अभिभावकत्व तथा आहार चर्या पर विशेष चर्चा हुई। जनजागरुकता के इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे तथा विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ.नरेंद्र गांधी एवं आयोजन सचिव डॉ. नरेश कटियारा थे।

## डॉ. रमन ने ऊर्जा विभाग में विधायक प्रतिनिधि के रूप में रूपचंद भीमनानी की नियुक्ति की

### वरिष्ठों से लिया आशीर्वाद, शुभचितंकों ने दी बधाई...

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव शहर के ऊर्जा विभाग में विधायक प्रतिनिधि के रूप में रूपचंद भीमनानी की नियुक्ति का पत्र जारी किया है।



मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रूपचंद भीमनानी वर्षों से विद्युत विभाग की एचटी लाइन एवं विभिन्न समस्याओं के प्रति सजग होकर सक्रिय भूमिका निभा रहे थे, उनकी सक्रियता को देखते हुए डॉ. रमन सिंह ने उन्हें विधायक प्रतिनिधि के रूप में विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है, जिसका पत्र आज कलेक्टर द्वारा जारी किया गया।

रूपचंद भीमनानी ने इस नियुक्ति का श्रेय डॉ. रमन सिंह को देते हुए कहा कि उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप हुए शहर की विद्युत संबंधित समस्याओं के निराकरण में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं सभी वरिष्ठजन प्रतिनिधियों के सहयोग एवं आशीर्वाद से यथाचित प्रयास करेंगे।

समाज सेवा के रूप में रूपचंद भीमनानी की इस नियुक्ति से सभी शुभचिंतकों ने उन्हें बधाईयां दी हैं, जिसमें प्रमुख रूप से अतुल रायजादा, अनिल चौथवानी, पवन गणसानी, अमर लालवानी, पंकज कुरेंजकर, तरुण लहरवानी, मनोज निर्वाणी, सुशील लड्डा, दीपक पटेल, राजा भाटिया, राजा भोजवानी, निर्मल कोठारी, मनजीत भाटिया, ज्ञान मानकानी, रवि सिंहा सहित सभी सुधिजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## गौरी नगर में धु-धुकर जला बुराई व नफ़रत का प्रतीक रावण

### दशहरे पर कौमी एकता और सामाजिक समरसता की अनोखी मिसाल



राजनांदगांव (दावा)। गौरीनगर का मैदान इस विजयदशमी पर फिर एक बार कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द्र का गवाह बना। अपराजेय पार्षद एवं अधिवक्ता हफ़ीज़ खान के नेतृत्व में आयोजित भव्य विजयदशमी उत्सव में हर साल की तरह इस साल भी नफ़रत और बुराइयों का प्रतीक विशालकाय रावण का पुतला धधक उठा। धू-धूकर जलते इस रावण ने मानो संदेश दिया कि आपसी बैर, भेदभाव और नफ़रत की कोई जगह समाज में नहीं है।

इस अवसर पर वार्ड और शहर के कोने-कोने से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। हिंदू-मुस्लिम सहित विभिन्न जाति धर्म के नागरिकों ने मिलकर इस उत्सव को यादगार बना दिया। दशहरे के मंच से कौमी एकता का ऐसा संदेश दिया गया। जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के मुख्य आतिथ्य में विकास और सामाजिक सहयोग में योगदान देने वाले सम्मानित व्यक्तियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया जिनमें सेवानिवृत्त गुरुजन रामानंद साहू, प्रधानपाठक श्रीमती नूरजहां खान, कविता रगड़े आदि का सम्मान किया गया। साथ ही युवाओं व छात्र-छात्राओं को भी सम्मान कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे नई पीढ़ी को समाजसेवा और भाईचारे का संदेश मिल सके इनमें मुख्यतः राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी कुमारी भारती साहू, निखिल साहू को दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन व राष्ट्रीय गायन प्रतियोगिता में तृतीय आने पर कुमारी ख्याति सिन्हा आदि को सम्मानित किया गया, इसके अलावा बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। गौरीनगर में वर्षों से विजयदशमी केवल रावण दहन का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और एकता का प्रतीक बन चुका है। यहां सभी त्यौहार मिलजुलकर मनाने की परंपरा रही है। लोग एक-दूसरे के दुख-सुख में सहभागी बनते हैं। वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद एवं अधिवक्ता हफ़ीज़ खान ने वर्षों की मेहनत से गौरी नगर को विकास और सामाजिक समरसता की नई ऊँचाइयाँ दी हैं। वहीं पूर्व पार्षद समद खान का भी हर सामाजिक और विकास कार्य में सहयोग सराहनीय माना गया, समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि समिति के सभी सदस्यों ने बड़ी मेहनत से कई सालों से इस आयोजन को लगातार सफल बनाया है सभी द्वारा आपसी सहयोग से सुचारु रूप से श्री खान के नेतृत्व में कार्यक्रम किया जाता है, यही वजह है कि यहां दशहरा केवल एक पर्व नहीं बल्कि कौमी एकता का पर्व बन चुका है। नफ़रत के प्रतीक रावण के दहन के साथ गौरी नगर ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जब समाज के सभी वर्ग मिलकर कदम बढ़ाते हैं तो किसी भी बुराई और विभाजनकारी सोच को धधकती आग में बदलकर राख कर देना संभव है। इस अवसर पर समिति से हलीम बख्श गाजी, शंकर लाल छेदैय्या, मेवालाल बंभोले, गिरधर देवांगन, जाकिर खान, हरीश यादव, विजय यादव, यासीन शेख, नागेश बंजारे, जीवेंद्र कुंजाम, भागवत गंधर्व, हारिस खान, गोपाल सोनी, राजा साहू, बंशी साहू, संतोष यादव, बबला यादव, बिलाल खान, पुष्पराज सिंह, यकीस दास, राहुल बाघ, मन्नू पंचतिलक, नरेश यादव, अजहरुद्दीन शेख, मन्ना यादव, महेश यादव, रंजीत यादव, अशोक शर्मा, राजेश निषाद, पुनय यादव साथ ही आदर्श महिला मंडल से निर्मला यादव, ललबती यादव, दुर्गा यादव, मीना साहू, राम बाई, सुनीता मेश्राम, सुशीला निषाद, सावित्री बाई सहित अन्य सदस्यगण आदि आदि तथा हजारों की संख्यां में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री श्री साय के बेटे तोषेन्द्र साय के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित





राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुपुत्र तोषेंद्र साय के जन्मदिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला संयोजक प्रशांत (राजे) गुप्ता द्वारा नांदगांव ब्लड सेंटर राजनांदगांव एवं अपना ब्लड सेंटर रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तमित्र फ़नेंद्र जैन ने बताया कि दोनों ही ब्लड सेंटर में आज सभी मरीजों को जिन्हें रक्त की जरूरत है, 1550 रूपये ब्लड का जांच शुल्क पूरा फ्री करके दिया जा रहा हैं। उक्त अवसर पर रितेश खंडेलवाल, पार्षद रानू जैन के बड़े भाई सुधीर जैन, टिकेश रजक एबी प्लस, दुर्गेश ओ प्लस, रवि प्रसाद बी प्लस, जितेंद्र साहू ए प्लस, मोहन साहू बी प्लस, सतीश साहू बी प्लस, मोहित क्षत्रिय बी प्लस, जतिन कुमार ओ प्लस, अशोक भारती ओ प्लस, मुकेश सिंहा ओ प्लस, पुरन लाल ओ प्लस, सुरेश यादव बी प्लस, प्रमेंद्र सिंग परिहार ओ प्लस, एवं 25 यूनिट रक्त रक्तदाताओं ने दान कर 25 जिन्दगी तत्काल बचाया एवं किसी भी मरीज को जांच शुल्क एक रुपया भी नहीं लगा श्री साय के जन्म दिन को सकारात्मक संदेश के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रक्त मित्र फ़नेंद्र जैन, रक्तवीर नागेश यदु, मीनू जैन, मनीष कोठारी, मोहित साहू, तामेश साहू, अभय जैन, हर्ष जैन में रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया एवं रक्त सहायता मरीजों की सुनिश्चित की थैलेसीमिया पेशेंट कुसुम देवांगन इनके भाई पंकज देवांगन, डिलीवरी मरीज को मेडिकल कॉलेज रूपा यादव को छह यूनिट ब्लड शिविर से उपलब्ध कराया गया। 20यूनिट ब्लड आज नांदगांव ब्लड सेंटर से एवं आज के डोनेशन से कल पांच यूनिट निःशुल्क ब्लड दिया जाएगा, रक्तदान शिविर से अर्जित रक्त निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। जिला रक्त वीर संगठन संघ के अध्यक्ष फनेंद्र जैन ने बताया ब्लड सेंटर एक सामाजिक संस्था है और स्वैक्षिक रक्तदान को बढ़ावा देने सेवा सप्ताह एवं रजत जयंती के अवसर पर सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराकर जीवन रक्षा की गई।

# प्रशासनिक व्यवस्था की घोर लापरवाही के चलते मजदूर युवक की आकस्मिक मौत



o ऊपर मंदिर में समुचित स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं होने के चलते मजदूर का त्वरित प्राथमिक उपचार नहीं हो पाया - डॉ. राय
o कर्मचारियों के अभाव में पीड़ित मजदूर को सीढ़ियों के सहारे नीचे ले जाया गया - मंत्री महेंद्र परिहार
o अस्पताल पहुंचने के पूर्व की युवक की मौत - बीएमओ
o मामला - ऊपर मंदिर स्थित ज्योति कक्ष में कार्यरत मजदूर की हुई दर्दनाक मौत से जुड़ी मानवता को शर्मसार करने वाली घटना का

डोंगरगढ़(दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ स्थित ऊपर पहाड़ी में विराजमान मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर के ज्योति कक्ष में कार्यरत आदिवासी मजदूर की आकस्मिक मृत्यु से शासन प्रशासन सहित मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई व्यवस्था में घोर लापरवाही देखने को मिली है। नवरात्रि पर्व के दौरान 30 सितंबर को घटित घटना के संबंध में ऊपर मंदिर परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यरत डॉ. राय के अनुसार 12 बजे के लगभग मजदूर युवक को प्राथमिक चिकित्सा के लिए लाया गया था। चूंकि ऊपर मंदिर परिसर में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण स्वास्थ्य विभाग की ओर से समुचित प्राथमिक चिकित्सा नहीं दी जा सकी। मृतक युवक को सांस लेने में तकलीफ आ रही थी।

बीएमओ डॉ. सुचिता श्रीवास्तव का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जब युवक को लाया गया, उसके पूर्व ही युवक की मृत्यु हो चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 30 सितंबर की बताई गई है। ऊपर बम्लेश्वरी मंदिर परिसर स्थित ज्योति कलश कक्ष में ज्योति की देखरेख के लिए तैनात ग्राम घोटिया निवासी प्रीतम मांडवी को ड्यूटी के दौरान सांस लेने में परेशानी होने पर उसे साथियों द्वारा मंदिर परिसर स्थित स्वास्थ्य विभाग के कक्ष में ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उचित चिकित्सा सुविधा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ रेफर किया गया। किंतु अस्पताल ले जाने में लेट होने के कारण रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

### कर्मचारियों के अभाव में पीड़ित युवक को सीढ़ियों के सहारे नीचे उतर गया - मंत्री महेंद्र परिहार

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि, अत्यधिक रात होने के कारण ड्यूटी में तैनात कर्मचारी घर चले गए थे। उसे त्वरित चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता को ध्यान में रखकर डॉक्टर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ रेफर किया गया था।

### मृतक युवक के परिजन से तीन दिन बाद आज मिलेंगे ट्रस्ट के प्रतिनिधि

मृतक की पहचान प्रीतम मंडावी/पिता कृष्णा मंडावी, उम्र 38 साल निवासी ग्राम घोटिया के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, शीतल की ड्यूटी शारदीय नवरात्र के दौरान 9 दिनों तक ऊपर मंदिर के ज्योति कक्ष में लगाई गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और कहा है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मंदिर में कार्यरत युवक की आकस्मिक मृत्यु 30 सितंबर को होने के तीन दिन बाद मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से ट्रस्ट का प्रतिनिधि मंडल आज मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ट्रस्ट की ओर से संवेदना व्यक्त करेगा।

### इस तरह की घटना होने पर तत्काल सहायता राशि ट्रस्ट की ओर से परिवार को दी जाती हैं - मंत्री महेंद्र परिहार

मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि 30 सितंबर की रात्रि में ज्योति कमरे में ड्यूटी कर रहे कर्मचारी प्रीतम मंडावी की तबीयत अचानक खराब हो गई उसे ऊपर मंदिर में ही ड्यूटी डाक्टर के पास ले जाया गया। डाक्टर ने मरीज की गंभीर हालत को देखते हुवे उसे ऑक्सीजन लगाया और स्ट्रेचर में लिटाकर उसे सीढ़ियों के रास्ते तुरंत नीचे लाया गया, जहां तैयार खड़ी एम्बुलेंस में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। रोपवे के स्थान पर सीढ़ियों से ले जाने को लेकर श्री परिहार ने बताया कि जिस समय ये घटना घटी रोपवे बंद हो चुका था और कर्मचारी घर जा चुके थे। श्री परिहार ने ज्योति कलश कक्ष में मंदिर ट्रस्ट की ओर से की व्यवस्था के संबंध में बताया कि इस वर्ष ऊपर मंदिर में 3 बड़े हाल और 3 बड़े कमरों में 7901 ज्योति कलश विराजित थी। इनकी देखरेख के लिए हर वर्ष करीब 200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है, जो इस नवरात्र में भी लगाई गई थी। 9 दिनों के लिए इस काम का जिम्मा इन मजदूरों की टोली को दिया गया था। मृतक उसी टोली में कार्यरत था। जिसमें 25 से 30 लोग ज्योति कक्ष के अंदर 15 से 20 मिनट ही बारी बारी से ड्यूटी देते रहते है, इस दौरान इनका काम ज्योति कलश में तेल की मात्रा देखना होता है, कम होने पर ये तेल डालते रहते है। ज्योति कक्ष में बड़े-बड़े वेंटिलेशन भी बने हुवे है जिसमें बड़े एक्जास्ट फैन लगे रहते है जो इस दौरान 24 घंटे चलते रहते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का भी बीमा कराया जाता हैं और इस तरह की घटना होने पर तत्काल सहायता राशि भी ट्रस्ट की ओर से पीड़ित के परिवार को दी जाती हैं।

# दशहरे की रात लगी भीषण आग, आगजनी में बड़ी धन हानि



डोंगरगांव (दावा)। शहर के हरि ओम नगर सामने लोक शक्ति टावर में स्थित आर के न्यू साहू ट्रेडर्स में गुरुवार देर रात भयंकर आग लग गया जिससे बड़ी धन हानि हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार दशहरे की रात 2 अक्टूबर को करीब 12:30 बजे भयंकर आग दुकान में रखें कीमती सामानों को जलाकर रख कर दी। आसपास के लोगों ने बताया कि रात को 12:30 बजे के करीब दुकान के अंदर से भयंकर विस्फोट होने की आवाज आई और आग की लपट लगातार बढ़ती गई यह लपट कितनी बड़ी की क्या तीन मंजिल इमारत तक पहुंच गई घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को लगी आसपास के प्रवासियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया मौके पर दमकल की तीन गाड़ियां पहुंची और काफी कठिनाइयों के बाद गोदाम में लगी आग पर काबू पाया गया दुकान के मालिक केशव साहू ने बताया कि दुकान में किसी के महत्वपूर्ण और कीमती सामान रखे हुए थे स्प्रिंकलर पाइप मशीन जनरेटर डीजल पंप बैटरी आदि जलकर राख हो गया है। जिसमें काफी बड़े नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंची थी और आग पर काबू पाने तक लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, वही सुबह घटना की जानकारी लेने नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित तहसीलदार पी.एल.नाग वह उनकी टीम पहुंची थी। दोपहर 12:00 बजे तक रेलिंग और दीवाल गर्म थे जिसके कारण पंचनामा नहीं हो पाया और शाम तक रिपोर्ट देने कहा गया।

## पहला कॉलम...

### राहुल गांधी पर हिंसात्मक टिप्पणी भाजपा की ओछी राजनीति का प्रतीक-छन्नी साहू



छुरिया (दावा)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर केरल भाजपा के प्रवक्ता पिंटू महादेव द्वारा हिंसात्मक टिप्पणी की है जिसको लेकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित कांग्रेसी नेताओं ने छुरिया थाना में ज्ञापन सौंपकर भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। छन्नी साहू ने कहा है कि विपक्ष की भूमिका जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाकर सत्ता सरकार में बैठे लोगों को आइना दिखाने का है, किन्तु इससे भी भाजपा नेताओं के पेट मे दर्द हो रहा है और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ हिंसात्मक टिप्पणी कर रहें है, जिसका लोकतंत्र में कोई स्थान नही है। राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता भाजपा नेताओं को रास नही आ रही है, तभी इस प्रकार की बयानबाजी कर रहें है, भाजपा के नेतागण इस प्रकार के हिंसात्मक व भड़काऊ बयानबाजी कर देश में तनावपूर्ण स्थिति पैदाकर राजनैतिक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को खराब करना चाह रहे है जो कि निंदनीय है। इस मौके पर जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, एकनाथ सिन्हा, कन्हैया कोले, सोनू खान, सुनील लारोकर प्रदीप पटेल, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र साहू, राधेश्याम ठाकुर, धर्मेन्द्र साहू के साथ साथ अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### खुज्जी में स्वच्छता दीदीयों का हुआ सम्मान




जोंधरा (दावा)। दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम राजा खुज्जी मे स्वच्छता दीदीयों का सम्मान ग्राम दर्री निवासी संदीप कुमार घोड़ेसवार द्वारा महिला दीदीयों को साड़ी व श्रीफल भेंट किया गया, वहीं गांव की प्रत्येक गतिविधियों में सहयोग करने वाले शिव दखने को पेंट-शर्ट व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए संदीप कुमार घोड़ेसवार ने कहा कि गांधी जी 1915 में वकील बन चुके उस उस जमाने में भारत के किसी व्यक्ति का द्वारा वकील बना वह भी विदेश में पढ़ाई करके सामान्य बात नहीं थी, उनका उनके पास पैसा ध्यान दौलत सब कुछ था, पर भारत की अधिकांश जनता गरीब थी, जिनके पास पहनने के लिए कपड़े तक पर्याप्त नहीं थे, अतः उन्होंने अपने लिए ऐसे कपड़े का चयन किया कि आम जन ये मान सके कि महात्मा गांधी भी हमारी बिरादरी के हैं, लोग पहनावे से भी लोग उनके साथ जुड़ने लगे, गांधी जी उन्हें अपने बीच के लगने लगे आज उन्हीं की स्मृति मे यहां की महिलाओं का सम्मान किया गया।

### आज करमरी में दशहरा का आयोजन

छुरिया (दावा)। विकासखंड के आश्रित ग्राम करमरी में आज 4 अक्टूबर दिन शनिवार को रावण वध व दशहरा का आयोजन रखा गया है, उक्ताशय की जानकारी देते हुए लल्लाराम कन्नौज ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में रानीदाहरा वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन रखा गया है, उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीणों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### सुंदरा में 51 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य जगराता, समिति ने कलाकार को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम सुंदरा मे 51 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर भव्य जगराता कार्यक्रम कुंदरू पारा बालोद के आराधना बालिका जस परिवार के द्वारा ग्राम सुंदरा में दुर्गा अष्ठमी के शुभ अवसर पर जगराता भजन कीर्तन का आयोजन सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में किया गया। इस बीच मातारानी के जसगीतों का समा बांधा, सभी भक्तों ने जगराता कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया और इस दुर्गा अष्ठमी को यादगार ऐतिहासिक बनाया आयोजक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अटल चौक सुंदरा ने शानदार प्रस्तुति के लिए कलाकारों को किया सम्मानित।



## त्याग व संयम की राह पर चलेगी नगर की एक और बिटिया



0 आज निकलेगा बरघोड़ा, संयम महोत्सव व डोरा बंधन भी
0 समाजसेवी किशोर-श्रद्धा बोहरा की बेटी है भाविका

डोंगरगांव (दावा)। नगर की गौरवशाली परंपरा में एक और वीर बेटी संयम पथ पर बढ़ने का प्रण कर दीक्षा अंगीकार करने की राह पर है. मौजूदा पीढ़ी जहां पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण की ओर तेजी से भाग रही है, वहीं पुरातन संस्कृति व संस्कार से विलग होकर नगर के समाजसेवी किशोर श्रद्धा बोहरा की बिटिया भाविका ने जीवन के सार को जानकर दीक्षा अंगीकार करना तय किया है। दीक्षार्थी भाविका का कल शनिवार 4 अक्टूबर को संयम महोत्सव आयोजित किया गया है, इससे पहले नगर में भव्य बरघोड़ा निकलेगा तथा कृषि उपज मंडी प्रागंण में आयोजित महोत्सव में वे अपने सांसारिक भाईयों को आखिरी बार डोरा बांधेगी।

मिली जानकारी के अनुसार एक लम्बे समय तक साधु-साध्वीयों के सानिध्य में रहते हुए जीवन के मर्म को जानकर नगर के प्रतिष्ठित अमरचंद किशोर कुमार बोहरा परिवार की बेटी भाविका (भक्ति) बोहरा ने संयम पथ पर चलने का संकल्प लिया है। जैन धर्म की पताका थामकर भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने संकल्पित बेटी को दादा अमरचंद, पिता किशोर बोहरा, माता श्रद्धा बोहरा ने इस पथ पर आगे बढ़ने आचार्य भगवान ज्ञान गच्छाधिपति प्रकाश मुनि म.सा. के समक्ष दीक्षा अंगीकार हेतु आज्ञापत्र सौपा था। भाविका बचपन से ही धार्मिक संस्कारों के बीच पली बढ़ी और लगभग 4 वर्षों से उनमें वैराग्य का भाव उत्तरोत्तर बढ़ता ही गया। परम पूज्य गुरूदेव ज्ञानगच्छापति श्रुतधर पं.रत्न 1008 प्रकाशचंद तथा परिवार की आज्ञा व स्वयं की दृढ़ इच्छाशक्ति से आगामी 31 अक्टूबर 2025 को जैन भगवती दीक्षा अंगीकार करेगी।

बता दें कि करीब 20 हजार आबादी वाले डोंगरगांव नगर में श्वेतांबर और दिगंबर जैन समाज के लगभग डेढ़ सौ परिवार निवासरत हैं। संख्या के लिहाज से आबादी भले ही कम है, किन्तु धार्मिक नजरिए से इसका बेहद गौरवशाली इतिहास है। नगर से अब तक 10 लोगों ने दीक्षा अंगीकार कर संयम के पथ पर अग्रसर हो चुके है। इनमें सबसे पहला नाम गंगावती श्रीजी मसा का आता है। उसके बाद गृहस्थ जीवन त्याग कर दीक्षा अंगीकार करने वालों में सौरभ मुनि श्री, दिव्य दर्शन मुनि श्री, निर्जरा श्री जी, विरक्ता श्री जी, प्रज्ञा श्री जी, सुप्रज्ञा श्री जी व प्रार्थना श्री जी शामिल हैं। वही दिगंबर जैन समाज की आर्यिका 105 सारमति और आर्यिका 105 रजतमति माता धर्म की अलख जगा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी बोहरा परिवार की दो बेटियों ने दीक्षा अंगीकार किया है। इनमें पूज्य प्रज्ञाजी मसा व पूज्य सुप्रज्ञाजी मसा जिनशासन की प्रभावना कर रही हैं। ये दोनों सांसारिक जीवन में निर्मलचंद मधुजी बोहरा की सुपुत्री हैं।

### गुरु का सानिध्य और प्रभु से नेह

बी. काम. तक लौकिक शिक्षा हासिल करने के बाद 2021 के चातुर्मास के दौरान निरंतर गुरुओं के सानिध्य और नित्य उनकी वाणी से भाविका को भक्ति की शक्ति का एहसास हुआ और यह जाना कि जीवन केवल भोग विलास के लिए नहीं है, बल्कि सत्य, अहिंसा और संयम की राह पर चलकर ही आत्मकल्याण किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने करीब 4 साल वैराग्य काल बिताते हुए ग्रंथों में छुपे सार तत्वों को जाना।

### पराया होता बाबुल का आंगन

गुरु की स्वीकृति मिलने के बाद भाविका आगामी 31 अक्टूबर को दीक्षा ग्रहण करेगी। यह कार्यक्रम राजस्थान के गढ़ सिवाना में होगा। इससे पूर्व शनिवार 4 अक्टूबर को डोंगरगांव मंडी परिसर में संयम महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दिन बहन के रूप में भाविका अपने भाइयों को आखिरी बार राखी बांधेगी। इसी दिन दीक्षार्थी क्षमापना भी होगा। इस आयोजन के बाद आगामी 28 अक्टूबर को उनकी घर से बिदाई होगी। इस आयोजन को लेकर श्वेताम्बर श्रीसंघ द्वारा व्यापक तौर पर तैयारी की गई है।

## बारिश में डूबा तिलईरवार प्राथमिक स्कूल

**छत से टपकता पानी और भीगे कपड़ों में पढ़ाई करने मजबूर मासूम**



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम तिलईरवार का प्राथमिक विद्यालय बरसात व थोड़े से पानी गिरने पर तालाब में तब्दील हो जाता है। लगातार बारिश से स्कूल भवन और कक्षाएं पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। छत से टपक रहा पानी और फर्श पर गंदा पानी भर रहा है और बच्चे उसी हाल में जमीन पर बैठने को मजबूर हैं। किताबों के पन्ने पानी में गीले हो रहे हैं लेकिन पढ़ाई जारी है। यह दृश्य केवल मासूम बच्चों की कठिनाई नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

### हर साल की कहानी, इस बार और बिगड़े हालात

ग्रामीणों की माने तो बरसात आते ही स्कूल में पानी भरने की समस्या हमेशा की है। मगर इस बार हालात और ज्यादा खराब है। पहली से पाँचवीं तक के सभी बच्चों को एक ही कमरे में ठूँसकर बैठाया जा रहा है। जगह कम पड़ रही है, बच्चे न ठीक से बैठ पा रहे हैं और न पढ़ाई कर पा रहे हैं। मजबूरी में कई अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूल में भेज रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं कि सरकारी स्कूल में पढ़ाई के नाम पर बच्चों को सिर्फ कष्ट मिल रहा है।

### शिक्षक बोले - क्या करें, मजबूरी है

विद्यालय में पदस्थ शिक्षक ने बताया कि बारिश के दिनों में पढ़ाना बेहद कठिन हो जाता है। कक्षाओं में पानी भरा रहता है। बच्चे भीगते रहते हैं और हमें मजबूरी में इन्हीं हालातों में पढ़ाना पड़ता है।

### जानकारी और सूचना के बाद भी व्यवस्था बदहाल

सरपंच और शाला विकास समिति अध्यक्ष का कहना है कि विद्यालय में पानी भरने की शिकायत मिली है। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है और शिक्षा विभाग व जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी जाएगी। वहीं शाला विकास समिति अध्यक्ष ने कहा कि हर साल बरसात में यही हाल होता है। पूरे कक्षा में पानी भर जाता है। पूर्व में सरपंच को भी अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकला है।

## ऐतिहासिक फैसला: कर्मचारियों को अग्रिम वेतन सुविधा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राज्य सरकार ने सभी कर्मचारियों को अग्रिम वेतन सुविधा देने का फैसला किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने कहा कि यह कर्मचारी हित में लिया गया सबसे बड़ा और न्यायसंगत कदम है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के 5 लाख से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए संजीवनी साबित होगा। खण्डेलवाल ने बताया कि आकस्मिक वित्तीय संकट की स्थिति में अब किसी भी कर्मचारी को निजी साहूकारों के ऊँचे ब्याज के जाल में नहीं फँसना पड़ेगा। अपनी मेहनत की कमाई का हिस्सा समय से पहले उपलब्ध होना कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि वित्त विभाग इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें, ताकि कर्मचारी जरूरत पड़ने पर इसका लाभ लेना शुरू कर सकें।

## भव्य आतिशबाजी के साथ, धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

**कांग्रेस नेता रघुवर अग्रवाल ने पुनः संभाली कमान, पर्व को बनाया ऐतिहासिक**

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामजी भारती ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे पूर्व मंत्री धनेश पाटीला वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी विष्णु लोधी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मंचस्थ थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती बघेल ने असत्य पर सत्य की जीत की सभी उपस्थित लोगों को बधाइयां दी और कहा कि अभिमान के कारण रावण को प्रत्येक वर्ष जलाया जाता है। इसलिए हमें अभिमान से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कहा कि नौ दिनों तक माता की उपासना सभी लोगों ने की है। अब हमें अपने अंदर के विकार बुराइयों को दूर करने का वक्त है, रावण ज्ञानी होकर भी सभी दृष्टि से कुशल व परिपक्व था फिर भी अभिमान ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। भगवान राम को आदर्श बताते हुए उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारे आदर्श हैं और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिए। दशहरा पर्व की सभी को बधाइयां देते हुए मंगल कामना की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विष्णु लोधी पूर्व मंत्री धनेश पाटीला मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने भी संबोधित किया।



### कांग्रेस नेता रघुवर अग्रवाल ने पुनः संभाली कमान, पर्व को बनाया ऐतिहासिक

दशहरा उत्सव समिति का पुनः कमान संभालने वाले समिति के अध्यक्ष रघुवर अग्रवाल ने दशहरा उत्सव की प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम का संचालन संतोष टेमरे व आभार प्रदर्शन संरक्षक मनोज भंडारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर बिंदल, दौलत मिश्रा, अक्षय भंडारी, किशन अग्रवाल, राजेश भूत, सुनील यादव, दविंदर सिंह भाटिया, हरीश भंडारी, श्याम भूत, मनमोहन अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल का भरपूर सहयोग रहा।

### निकाली गई भगवान राम की भव्य शोभायात्रा -

भंडारपुर से आई भजन मंडली ने रामायण का सजीव चित्रण किया भगवान राम लक्ष्मण जानकी व हनुमान के पात्रों ने सजीव चित्रण कर राम रावण युद्ध खेला और रावण के पुतले को अग्निबाण से भेदकर उसका अंत किया। तत्पश्चात भगवान राम की आरती उतारी गई दशहरा मैदान से भगवान की शोभायात्रा सब्जी मंडी गोल बाजार जैन मंदिर मार्ग भंडारी चाल जयस्तंभ चौंक होती हुई मारवाड़ी धर्मशाला जाकर समाप्त हुई ।

बैंड बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा का स्वागत जगह-जगह किया गया लोगों ने भगवान की आरती उतारी प्रसाद का वितरण किया गया। मारवाड़ी धर्मशाला जाकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### रावण दहन के दौरान जमकर हुई आतिशबाजी -

कांग्रेस नेता रघुवर अग्रवाल के नेतृत्व में दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रावण दहन के दौरान आतिशबाजी का नायाब नमूना देखने को मिला। शाम 7 बजे से ही समिति के लोग आतिशबाजी करते रहे। जिसे देखने बड़ी भीड़ जुटी। यह आतिशबाजी 8:30 बजे तक अनवरत चलती रही। जिसने दशहरा उत्सव को खास बना दिया। बड़ी संख्या में लोग हाईस्कूल मैदान में उपस्थित हुए। एक दूसरे को सोनपत्ती देकर दशहरा की बधाइयां देते नजर आए।

## रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता से बाल कलाकारों की कला में निखार- संजय सिन्हा



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के वनांचल के ग्राम मरकाकसा में गौरी के लाला गणपति उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता में छुरिया जनपद पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को बतौर मुख्य अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यरूप से श्रीमती सुनीता सेवता जनपद सदस्य, राजेश्वर ध्रुवे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति छुरिया, अशोक मरकाम महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, नैनसिन्ह पटेल उपाध्यक्ष रहे। श्री सिन्हा ने कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणपति के मूर्ति पर पूजा अर्चना कर किया गया।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक धार्मिक आयोजनों व अन्य उत्सवों पर रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता से ग्रामीण क्षेत्रों के बाल कलाकारों की कला में निखार आई है, उन्हें बड़े मंचों के माध्यम से और कला के क्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, साथ ही कक्षा 5 वी में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्र छात्राओं का भी सम्मान किया गया । उन्होंने आगे कहा कि गणपति को विघ्नहर्ता और सिद्धि विनायक भी कहा जाता है। वे प्रथम पूज्य देवता हैं, जिनकी आराधना हर शुभ कार्य से पहले की जाती है।

माता पार्वती ने अपने शरीर की माटी से गणेश जी को उत्पन्न किया। इनके मस्तक पर हाथी का सिर है, और शरीर मानव का। इनकी सवारी वाहन मूषक (चूहा) तथा इनके प्रतीक बुद्धि, विवेक, सिद्धि और समृद्धि है। इन्हें अनेक नामों से जाना जाता है, जैसे गणपति, गणेश, विनायक, लंबोदर, गजानन, एकदंत, विघ्नेश्वर आदि। किसी भी कार्य, पूजा, या यज्ञ की शुरुआत में सबसे पहले गणपति का आवाहन और पूजन किया जाता है, ताकि कार्य निर्विघ्न सम्पन्न हो। इस अवसर पर राधेलाल फुलकुंवर, जैल सिंह यादव, सरपंच प्रतिनिधि शिशुपाल सलामे सहित ग्राम पटेल व आयोजन समिति के युवागण उपस्थित रहे ।

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान मेरे संसदीय कार्यकाल का पहला अद्भूत आयोजन- सांसद पांडे



**आयोजन में जिले के दो पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना एवं श्रीमती फूलबासन यादव हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा बुधवार नवरात्रि पर्व की नवमी तिथि को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गांधी सभागृह में गरिमामय आयोजन कर 300 वृद्ध जन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के सांसद संतोष पाण्डे थे। उन्होंने अपने हाथों से शहर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान हार पहना कर, शाल ओढ़ाकर तथा उन्हें श्री फल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस दौरान श्री पांडे ने नवरात्रि पर्व की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी सम्मानित वरिष्ठ नागरिको की दीर्घायु की कामना की और उन्हें विजयादशमी पर्व की भी बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

सांसद के हाथों वरिष्ठ नागरिक के रुप में सम्मानित होने पर पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने कहा कि संयमित दिनचर्या से 100 साल स्वस्थ रहकर जी सकते हैं। जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाडा दिवस के अन्तर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का कार्यक्रम गांधी सभागृह में बहुत ही गरिमामय आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में नगर व जिले के 300 से अधिक वरिष्ठ नागरिक पुरूष व महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें लोक कला साहित्य से जुड़े जन, वरिष्ठ समाज सेवियों, चिकित्सकों, पेंशनर्स, नगर व वार्ड के वृद्धजनों के साथ-साथ भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे ने इस गरिमामय कार्यक्रम से अभिभूत होते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में प्रथम बार इस तरह का सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम देख रहा हूं। महादुर्गा नवमी के पावन पर्व के दिन इतने सारे बुजुर्ग जनों का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। सांसद श्री पांडे ने समाज कल्याण विभाग के द्वारा उत्कृष्ट और बेहतरीन सेवा पखवाड़ा संपादित करने के लिए विभाग की उप-संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार का भरे मंच से सम्मान किया।

अंतर्राज्यीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम के संबंध में समाज कल्याण विभाग की उप-संचालक श्रीमती वैशाली मरडवार द्वारा विस्तार पूर्ण जानकारी दी और बताया कि समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान मंच के माध्यम से किया जाना है बहुत ही गर्व का विषय है। इस सम्मान समारोह में हमारे द्वारा मंच के माध्यम से ख्याति नाम वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया जाना विभाग का बहुत ही स्तुत्य मय प्रयास है। कार्यकम को खूबचंद पारख, डॉ. पद्मश्री पुखराज बाफना, गौतम पारख समाजसेवी एवं संरक्षक समता मंच, शिव वर्मा, डॉ. के.एल. टांडेकर से.नि. प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय एवं एस.आर. सोनेश्वरी से.नि. डिप्टी कलेक्टर, डॉ. गंभीर कोटडिया, अपर कलेक्टर ओमप्रकाश शर्मा सहित अनेक प्रबुद्धजनों द्वारा संबोधित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों व समाजसेवियों में से डॉ. पदमश्री पुखराज बाफना, पद्मश्री फूलबासन यादव, डॉ. नरेन्द्र गांधी, उत्तम जैन, विजय हरिहारनों, नंदलाल राठी, दामोदर दास मुदडा, खूबचंद पारख, डॉ. उमाशंकर दीक्षित, गौतम पारख, डॉ. एम.के. दिवाकर, डॉ. गभीर कोटडिया, एस.आर सोनेश्वरी तथा आत्माराम कोशा 'अमात्य', कला साहित्य सुधि व समाजसेवी राकेश इंदूभूषण ठाकुर, रामकृष्ण तिवारी, जी.आर. देवांगन, अधिवक्ता अमलेंदू हाजरा आदि को शाल श्रीफल, पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर डोंगरगढ़, छुरिया, डोंगरगांव सहित स्थानीय भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम के वरिष्ठजन सहित कोमल सिंह राजपूत, पार्षद राजा माखीजा, आलोक श्रोती, शैकी बग्गा, सुनील साहू, हेमंत तिवारी, हरजीत सिंह भाटिया, श्याम राव खोटले, राजेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, चंद्रशेखर, समाज कल्याण विभाग के बालकृष्ण बघेल, कंचन मीना सहित बडी संख्या में पेंशनर संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सरस संचालन दिलीप श्रीवास्तव ने किया।

# प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत खरीफ एवं रबी के दलहन-तिलहन फसलों का समर्थन मूल्य पर किया जायेगा उपार्जन



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना के तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत खरीफ में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसल तथा रबी में चना, मसूर, एवं सरसों फसल का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य में किया जायेगा। जिसके लिए जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्र को अधिसूचित किया गया है। इससे जिले के कृषकों को खरीफ के साथ-साथ रबी मौसम में बोए जाने वाले फसलों का सीधा मुनाफा उनके बैंक खाते में प्राप्त होगा। जिससे न केवल रबी फसलों का क्षेत्र विस्तार होगा, बल्कि ऐसे क्षेत्र जहां केवल खरीफ में धान लेकर रबी के लिए पड़ती छोड़ दिया जाता था। उन क्षेत्रों के किसानों को भी इस योजना से सीधा लाभ होगा। शासन द्वारा भी किसानों को रबी में दलहन-तिलहन फसल हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से विभिन्न केन्द्र एवं राज्य पोषित योजनाएं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन-ऑयलसीड, द्वि-फसलीय क्षेत्र विस्तार व आत्मा योजना के माध्यम से इन फसलों के उत्पादन पर प्रोत्साहन एवं अनुदान सहायता राशि प्रदान किया जाता है। प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के सेवा सहकारी समिति घुमका, पदुमतरा एवं सोमनी, छुरिया विकासखंड के सेवा सहकारी समिति छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला एवं गहिराभेड़ी, डोंगरगांव विकासखंड के सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव, तुमढ़ीबोड, कोकपुर एवं खुर्सीपार, डोंगरगढ़ विकासखंड के सेवा सहकारी समिति अछोली, मुसरा, मोहारा तथा लाल बहादुर नगर को अधिसूचित किया गया है। राज्य में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, चना एवं मसूर फसलों के उपार्जन हेतु नाफेड को प्रापण संस्था (प्रोक्योरमेंट एजेंसी) रहेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) को योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है, जो राज्य स्तरीय एजेंसी ग्रुप में कार्य करते हुए प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के माध्यम से फसलों का उपार्जन करेगी। फसलों के उपार्जन के लिए शासन द्वारा फसलवार अधिकतम उपार्जन मात्रा प्रति एकड़ क्विंटल की दर से निर्धारित किया गया है। जिसमें अरहर, मूंग एवं उड़द के लिए 3 क्विंटल प्रति एकड़, मूंगफली के लिए 7 क्विंटल एवं सोयाबीन के लिए 5 क्विंटल प्रति एकड़ है। इसी प्रकार चना के लिए 6 क्विंटल, मसूर के लिए 2 क्विंटल एवं सरसों 5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिकतम सीमा निर्धारित किया गया है।

# आदि कर्मयोगी अभियान: ख्वासफड़की में आयोजित ग्राम सभा में शामिल हुए केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर



**0 ग्राम सभा में शामिल होकर विलेज विजन प्लान के कार्यों का किया अवलोकन**
**0 जनजातीय लोगों से चर्चा कर ग्राम विकास एवं आवश्यकताओं की ली जानकारी**
**0 आदि सेवा पखवाड़ा के कार्यों का जायजा लेने जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव श्री ठाकुर**

मोहला (दावा)। केंद्र सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित आदि सेवा पखवाड़ा का जायजा लेने केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर आज मोहला-मानपुर-चौकी जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुँचे। इस दौरान उन्होंने विकासखंड मानपुर के ग्राम ख्वासफड़की में आयोजित ग्राम सभा में शामिल हुए एवं विलेज विजन प्लान 2030 के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने आदि सेवा पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों की सहमति से गांवों में मूलभूत सुविधाओं एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु तैयार की गई विलेज मैप का भी अवलोकन किया। अतिरिक्त सचिव श्री ठाकुर ने ग्राम ख्वासफड़की आयोजित ग्राम सभा में उपस्थित जनजातीय लोगों से चर्चा कर उनके ग्राम की प्रमुख मांग एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विलेज विजन प्लान 2030 के निर्माण के संबंध में ग्रामीणों एवं जनजातीय लोगों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होने कहा कि ग्राम सभा का उद्देश्य सभी मिल बैठकर चर्चा कर समस्याओं का समाधान करना है। इसके साथ ही गांव के विकास के लिए सभी की सहभागिता सुनिश्चित करना हैं। अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर ने जनजातीय ग्रामीणों से उनके कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। गांव में शिक्षा का स्तर, प्रमुख फसल, व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, विद्युत, रोजगार, वनाधिकार पत्रधारी एवं पेयजल उपलब्धता आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने पोषण माह के संबंध के महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को बेहतर आहार लेने हेतु प्रोत्साहित किया। आयोजित ग्राम सभा में जनजातीय लोगों से चर्चा करते हुए उनके मांगों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने बेहतर उपचार हेतु उप स्वास्थ्य केंद्रए सीसी रोड, एनीकट, पशु शेड जैसे विभिन्न मांगो को सामने रखा। जिसे सहमति प्रदान करते हुए ग्राम सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। मौके पर उन्होंने अटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही उपलब्ध सेवाओं की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों से चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम मोहला हेमेंद्र भूआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, संजय कुर्रे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, ट्राईफेड से जिला प्रभारी शांतनु सहारान सहित समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें। अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर ग्राम ख्वासफड़की स्थित निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्ष एवं साइंस लैब का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय में पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर समुचित देखरेख सुनिश्चित करने को कहा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गांधी जयंती पर नागपुर मंडल में स्वच्छता अभियान श्रमदान का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। महात्मा गांधी जी की 156वीं जयंती के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवेए नागपुर मंडल द्वारा एआज 02 अक्टूबर 2025 को स्वच्छता अभियान श्रमदान का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी रेलवे स्टेशन पर भव्य रूप से किया गया।

इस अवसर पर स्टेशन परिसर में स्वच्छता संबंधी विविध गतिविधियों का संचालन किया गयाए जिसमें मंडल के अधिकारी, कर्मचारी स्वयंसेवक यात्री तथा पत्रकार प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा मंडल के सभी स्टेशनों पर भी सभी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री गुप्ता ने कहा कि 'महात्मा गांधी जी का सपना था एक स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत। गांधी जी ने हमेशा यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है।' इस अवसर पर श्री गुप्ता ने स्टेशन पर कार्यरत सफाई मित्रों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए उनके कार्य की सराहना की। उन्होंने घोषणा की कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर कार्यरत सफाई मित्रों को 10,000 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। यह पहल सफाई कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और स्वच्छता कार्य में उनके योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक श्रमदान करते हुए प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर के आसपास तथा प्रवेश और निकास द्वारों की साफ सफाई की। साथ ही यात्रियों को भी स्वच्छता बनाए रखने और गंदगी न फैलाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक संगठन सेतु वेलफेयर फाउंडेशन, लकड़गंज नागपुर के लगभग 20 सदस्य भी सम्मिलित हुए। संस्था के सचिव जयेश पटेल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में योगदान दिया।

# महतारी एक्सप्रेस में शराब तस्करी पर भाजपा जिलाध्यक्ष का बयान हास्यास्पद व शर्मनाक-चुम्मन साहू



छुरिया (दावा)। राजनादगांव महतारी एक्सप्रेस मे छुरिया पुलिस द्वारा महाराष्ट्र से 16 पेटी शराब का तस्करी करते रंगे हाथो पकड़ा गया है ।

और भाजपा अध्यक्ष द्वारा हल्का बयान से स्पष्ट हो गया पूरी भाजपा भ्रष्ट है उक्त बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू ने कहा इतना सब होने के बाद राजनांदगांव भाजपा के जिलाध्यक्ष कहते हैं कि महतारी एक्सप्रेस को बदनाम करने यह कांग्रेस की साजिश है और दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि दोषियों पर कार्यवाही होगी उनका बयान है।अगर षडयंत्र है तो कार्यवाही किस पर? महतारी एक्सप्रेस में शराब मिली यह सबने देखा तो क्या वह कांग्रेस ने रखवाई थी?

आपकी नीयत अगर साफ थी तो आपने उपनिरीक्षक को शाबाशी देने की बजाए लाइन अटैच क्यों किया? इतना ही नहीं वाहन चालक का कहना है ही फोन कर के महिला को प्रसूति के लिए अस्पताल ले जाने बुलाया जाता था और बुला कर शराब डंप कर दी जाती थी फिर वो चालक पूरी शराब ले कर तस्करी करता था यह भी बयान बेहद बचकाना है।

सौ बात की एक बात यह है कि राजनांदगांव जो संस्कारधानी कही जाती थी भाजपा राज में बर्बाद हो चुकी है शहर व जिला नशाधानी अपराधधानी बन गया है। मोहड़ गोलीकांड का आरोपी आजतक पकड़ा नहीं गया है, डोंगरगढ़ नकली शराब कांड में आजतक कुछ नहीं हुआ जबकि इन मामलो पर भाजपा नेताओं के सीधे तौर पर समंध होने के आरोप भी है। महतारी एक्सप्रेस में शराब मिला है उसके बाद भाजपा नेता राजनांदगांव जिला को और क्या देने वाले हैं।]

# डिकेश साहू भाजपा के जिला महामंत्री मनोनित



डोंगरगाँव (दावा)। भाजपा के जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव एवं महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से 30 पदाधिकारियों की सूची जारी की है। जिलाध्यक्ष द्वारा जारी सूची में भाजपा संगठन ने डोंगरगांव के युवानेता डिकेश साहू को जिला महामंत्री मनोनित किया है।

उल्लेखनीय है कि श्री साहू लंबे समय से पार्टी में सक्रियता से जुटे हुए हैं। वे वर्तमान में भाजयुमो जिला महामंत्री हैं। वे नगर पंचायत डोंगरगांव के पार्षद रह चुके हैं। वे पार्टी संगठन में विभिन्न नीति व कार्यक्रमो में महती भूमिका निभाते हुए पार्टी में महत्वपूर्ण योगदान देते आए हैं। उनकी नियुक्ति से जिलेभर में युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। जिलेभर के युवा नेताओं सहित विशेषकर डोंगरगांव क्षेत्र के युवा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की है। इस नियुक्ति से डोंगरगांव क्षेत्र के युवाओं में बेहद सकारात्मकता का संचार देखा जा रहा है।

# गैंदाटोला परिक्षेत्र साहू के वीरेंद्र साहू अध्यक्ष निर्वाचित हुए



छुरिया (दावा)। गैदाटोला परिक्षेत्र साहू समाज गैदाटोला के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ग्राम खपराभाट निर्वाचित हुए उपाध्यक्ष पद पर भारत लाल साहू कुही खुर्द निर्वाचित हुए संगठन सचिव अनिल कुमार साहू फगडूटोला तथा महिला उपाध्यक्ष श्रीमती कुमेश्वरी गजेन्द्र साहू मातेखेडा एवं संगठन सचिव श्रीमती देवकी साहू निर्वाचित हुए।

सभी पदों को शांति और सौहार्द पूर्ण सम्पन्न हुआ नव निर्वाचित अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि सामाज में युवा एवं नारी शक्तियों का के आगे आने से सामाज को नया दिशा मिलेगी तथा सामाज को आर्थिक विकास समृद्ध बनाने सफलता मिलेगी गैंदा टोला में परिक्षेत्र में अट्ठारह गांव शामिल हैं चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए प्रमुख रूप से नोबल साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू सन्घ राजनांदगांव एवं चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्याम सुंदर साहू, ललित साहू और छुरियां परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश साहू तथा भारत लाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला चन्द्र कुमार साहू संरक्षक मदन लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू समाज राजनांदगांव श्री मती हेमिनविष्णु साहू जनपद सदस्य महोदय धनेश कुमार साहू सचिव ईश्वर साहू बलेश्वर साहू मानदास साहू हरेन्द कुमार साहू कंस कुमार साहू, नोकेश साहू, गजेन्द्र साहू एवं सभी गांवों के स्वाजातीय भाई बहनों ने निर्वाचन में भाग लिया सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को तहसील साहू समाज के अध्यक्ष चन्द्रिका साहू ने प्रमाण पत्र दिया एवं सपत दिलाया और अंत में परिक्षेत्र साहू समाज गैन्दाटोला के अध्यक्ष भी भारत लाल साहू ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामाज को नया दिशा मिलेगी तथा सामाज के सभी भाईयों बहनों को साथ में लेकर चलने कहां तथा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**रायपुर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह....**

से ठीक पहले इतनी बड़ी संख्या में सरेंडर करना संदिग्ध लगता है. एक ओर नक्सली ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं, दूसरी ओर पुलिस मुठभेड़ हो रही है और साथ ही सैकड़ों नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं. यह विरोधाभासी घटनाएं सरकार की साख पर सवाल खड़े करती हैं. दीपक बैज ने बीजेपी पर गुटबाजी का आरोप भी लगाया. उन्होंने कहा कि कैबिनेट विस्तार के बाद वरिष्ठ विधायक नाराज और उपेक्षित हैं. सरकार भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था में पूरी तरह विफल है. डैमेज कंट्रोल के लिए ही अमित शाह का दौरा हो रहा है. बस्तर दौरा केवल बहाना है. हालांकि, यह पहला मौका होगा जब कोई केंद्रीय गृह मंत्री बस्तर दशहरा में शामिल हो रहा है. नक्सलवाद खत्म करने की तय डेडलाइन 31 मार्च 2026 से ठीक 6 महीने पहले हो रहे इस दौरे को बेहद खास माना जा रहा है.

**मद्रास हाईकोर्ट ने विजय को लगाई फटकार....**

रन का मामला नहीं है? हिट एंड रन का मामला क्यों दर्ज नहीं किया गया? पुलिस ने इसका संज्ञान क्यों नहीं लिया? पार्टी नेता आधव अर्जुन के विवादास्पद पोस्ट पर अदालत ने तीखे स्वर में पूछा, क्या आधव अर्जुन कानून से ऊपर हैं? क्या आप तभी कार्रवाई करेंगे जब अदालत निर्देश देगी? अदालत ने अब आधव अर्जुन के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। कोर्ट इसके साथ ही एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर भी विचार कर रहा है, जिसमें गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यापक दिशानिर्देश या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होने तक रोड शो की अनुमति देने से रोकने की मांग की गई है। बुस्सी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील वी राघवाचारी ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं का अपने कार्यकर्ताओं को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था और उन्होंने तर्क दिया कि इस घटना को गैर इरादतन हत्या नहीं माना जा सकता। उन्होंने पुलिस पर पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में नाकाम रहने का आरोप लगाया और कहा कि यह आयोजन स्थल याचिकाकर्ताओं ने नहीं चुना था। उन्होंने कहा, अगर वेलुसामीपुरम आपत्तिजनक था, तो पुलिस को उन्हें रैली की अनुमति नहीं देनी थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि लाठीचार्ज के बाद ही भीड़ बेकाबू हुई और इस तरह की कार्रवाई की जरूरत पर सवाल उठाया। राघवाचारी ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं ने नियमों का पालन किया था और बताया कि अनुमति कार्यक्रम से केवल एक दिन पहले ही दी गई थी। उन्होंने कहा, भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से राज्य की है और जोर देकर कहा कि पुलिस के हस्तक्षेप तक हालात सामान्य थे।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि भीड़ पर केमिकल फेंके गए, जिससे लोग बेहोश हो गए। वकील ने जोर देकर कहा कि आधिकारिक आयोजक और टीवीके के जिला सचिव मथियाझागन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है और कहा कि आनंद और निर्मल कुमार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) जे रवींद्रन ने कहा कि टीवीके ने स्वयं ट्वीट करके भीड़ को गुमराह किया था कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा, जबकि पुलिस ने दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक की अनुमति दी थी। उन्होंने आगे कहा कि टीवीके की रैली के लिए 559 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कुछ दिन पहले इसी स्थल पर अन्नाद्रमुक प्रमुख एडप्पादी के पलानीसामी के प्रचार के लिए 137 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

**छत्तीसगढ़ को मिला 3462 करोड़ का....**

को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास/कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर, 2025 को राज्य सरकारों को 1,01,603 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हस्तांतरण जारी किया है। यह 10 अक्टूबर 2025 को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के अतिरिक्त है।

**पुतिन बोले- अमेरिका के दबाव के आगे भारत......**

कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस NATO देशों पर हमला करने वाला है। मैं उनसे यही कहूंगा कि उन्हें इस बात को भूलकर चैन से सोना चाहिए। पुतिन ने कहा कि जो नेता ऐसी बातें फैलाते हैं, वे या तो बेहद नाकाबिल हैं या फिर चालाकी से अपने नागरिकों को धोखा दे रहे हैं, ताकि असली मुद्दों को जनता भूल जाए। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस के पास कमजोर होने का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि रूस कभी भी कमजोर नहीं पड़ा। जो रूस को हराने के सपने देख रहे हैं वे कभी रूस को उकसाने की कोशिश न करें। उन्हें हमेशा इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि इसमें कभी कोई शंका नहीं है और आगे भी नहीं होगी।

**गुरु दर्शन और संत समागम मेले में शामिल हुए.....**

किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के हित में योजनाएँ बन रही हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, जो आरंग विधानसभा के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में अनेक संत-महात्मा और तपस्वी जन्मे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' का संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश की सड़कों के विकास के लिए 700 से अधिक टेंडर जारी किए गए हैं और बरसात के बाद प्रदेश की सड़कें नए स्वरूप में नजर आएँगी। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि, यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। यह सतनाम धर्म के आदर्शों का प्रतीक है। आज ही के दिन गुरु श्री बालकदास जी ने राजगद्दी स्वीकार कर भंडारपुरी की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया था

**छत्तीसगढ़ में 3 नए सरकारी.....**

संस्थान मौजूद नहीं हैं। इससे न केवल वहां के स्थानीय मरीजों को बेहतर इलाज मिलने में आसानी होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी तेजी से होगा। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में राज्य के प्रत्येक जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। नए मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्र स्थानीय स्तर पर ही मेडिकल शिक्षा हासिल कर सकेंगे और प्रशिक्षित डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि होगी। इस निर्णय से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और गुणवत्ता दोनों बढ़ने की उम्मीद है। राज्यवासियों को अब न केवल बेहतर इलाज मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के नए अवसर भी खुलेंगे।

**पत्नी गीतांजलि अंगमो ने एनएसए पर......**

हेबियस कार्पस का अर्थ है शरीर को पेश करो। अगर किसी को बिना वजह हिरासत में लिया गया हो तो सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट पुलिस को आदेश देकर आरोपी को पेश करने को कह सकती है। यह संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के तहत गारंटीड मौलिक अधिकार है। बाटे दें कि 9 दिन बाद कर्फ्यू में ढील दी गई। दुकानें सुबह 10 से शाम 6 बजे तक खुल रही हैं। कक्षा 8 तक के स्कूल फिर से खोले दिए गए हैं। जेल में बंद 56 आंदोलनकारियों में से 26 को रिहा कर दिया गया है, जबकि 30 अब भी जेल में हैं। वांगचुक लंबे समय से लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। समर्थक इसे राजनीतिक साजिश बता रहे हैं, जबकि प्रशासन इसे हिंसा भड़काने से जोड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर सुनवाई 6 अक्टूबर (दशहरा छुट्टी के बाद) होने की संभावना है।

# मां बम्लेश्वरी के दरबार में स्थापित हजारों ज्योति कलश का भव्य विसर्जन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शुमार धर्मनगरी डोंगरगढ़ में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बमलेश्वरी के दरबार में स्थापित हजारों ज्योति कलश का भव्य विसर्जन ऐतिहासिक महावीर तालाब में किया गया। क्वांर नवरात्र महापर्व के अंतिम दिन, नवमी तिथि पर मां बमलेश्वरी धाम में आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां शक्ति की उपासना का यह पर्व मनोकामना ज्योत कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। जिसकी भव्यता और अद्वितीय परंपरा को देखने लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े।

22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक मनाया जाने वाले क्वांर नवरात्र पर्व के दौरान माता के भक्तों की मनोकामना ज्योति की स्थापना ऊपर मंदिर एवं नीचे मंदिर तथा मां शीतला मंदिर में की गई थी। 30 सितंबर को अष्टमी हवन एवं ज्योति विसर्जन का आयोजन 1 अक्टूबर को ऊपर मंदिर में प्रातः 4:00 बजे एवं नीचे मंदिर में रात 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जो मध्य रात्रि तक चलता रहा। मां बमलेश्वरी माई की मुख्य ज्योति की पूजा अर्चना पश्चात मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल की अगुवाई में ज्योति कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रेल मार्ग को पार कर मां शीतला मंदिर होते हुए ऐतिहासिक महावीर तालाब पहुंची। इस दौरान भक्तों का विशाल जन सैलाब उमड़ पड़ा। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सातवीं मर्तबा माता की ज्योति को धारण कर पूरे श्रद्धा भाव के साथ ज्योति यात्रा में शामिल हुई। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग को लगभग डेढ़ घंटे तक बंद रखा गया।

### खैरागढ़ राज परिवार द्वारा प्रारंभ कराई गई ज्योति स्थापना की परंपरा आज भी कायम

इतिहासकारों की माने तो मां बमलेश्वरी की महिमा से प्रेरित होकर धर्मनगरी में मंदिर का निर्माण खैरागढ़ राजघराने के राज कुमार भवानी बहादुर सिंह के परदादा राजा कमल नारायण द्वारा कराया गया था। तब से ही ज्योत प्रज्वलन और विसर्जन की यह परंपरा प्रारंभ हुई। जो आज तक अनवरत चली आ रही है। नवरात्र पर्व के दौरान लाखों श्रद्धालु इसी परंपरा में शामिल होकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते आ रहे हैं।



विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल 7 वीं मर्तबा ज्योति कलश धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुई

## युगांतर में गाँधी एवं शास्त्री जयंती मनी



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में गांधी व शास्त्री जयंती मनायी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा महात्मा गाँधी और शास्त्री जी के चित्रों में पुष्पांजलि की गई। प्राचार्य ने गाँधी जी व शास्त्री जी के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए बताया कि हम इनके सिद्धान्त अपना लेते हैं तो हमारे जीवन में सुन्दर तथा सकारात्मक परिवर्तन होना शुरू हो जाता है। इनके सत्य अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। आज विश्व में शांति गांधी जी के सिद्धांत द्वारा ही स्थापित होगी। इसी तरह शास्त्री जी की सरल जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

# आबकारी विभाग पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप, ग्रामीणों में दहशत का माहौल




अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के चिल्हाटी थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग के अधिकारियों पर लगातार रिश्वतखोरी और धमकाने के आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब कारोबार में फँसाने और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे मोटी रकम वसूली जा रही है। हाल ही में वासडी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने आरोप लगाया था कि आबकारी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने उससे 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत की माँग की। ग्रामीण ने डर के चलते कुछ रकम दी, लेकिन पूरी डिमांड पूरी न होने पर उसे फिर से डराया-धमकाया जाने लगा। मजबूर होकर उसने मीडिया के सामने अपनी व्यथा बताई और जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा तथा जिला आबकारी अधिकारी को लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई की माँग की। इसी बीच अब चिल्हाटी क्षेत्र के ग्राम मुंजाल निवासी कृष्णा ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए खुलासा किया है। उनका कहना है कि लगभग एक माह पहले जिला सहायक आबकारी अधिकारी और एक आरक्षक सहित 3-4 लोग अचानक उनके घर पहुँचे और अवैध शराब कारोबार करने का दबाव डालते हुए 5 लाख रुपये की रिश्वत माँगी। मांग पूरी न करने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। भयभीत ग्रामीण ने अपने बच्चे की शादी के लिए जुटाई गई रकम में से 3 लाख रुपये अधिकारियों को दे दिए।

ग्रामीण का आरोप है कि अधिकारियों ने उसे साफ तौर पर कहा कि वह अवैध शराब का कारोबार कर सकता है, लेकिन इसके लिए हर महीने 20 हजार रुपये का 'चढ़ावा' देना होगा। कृष्णा ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने बताया कि इस पूरे प्रकरण से वे मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से बुरी तरह टूट गए हैं। वहीं, तिरपेमेटा निवासी रवि कुमार ने भी भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा को शिकायत पत्र सौंपा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग के अधिकारियों ने उन्हें जेल भेजने की धमकी देकर 1 लाख रुपये की मांग की थी। डर के कारण उन्होंने 40 हजार रुपये की व्यवस्था कर दी, लेकिन 15 दिन बाद फिर अधिकारी वापस आए और 25 हजार रुपये महीना देने पर शराब बेचने की छूट देने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की रिश्वतखोरी और धमकियों ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। जो लोग वर्षों से शराब कारोबार से दूर हैं, उन्हें भी अब जेल भेजने की धमकी देकर पैसे वसूले जाने का डर सताने लगा है।

# शासकीय कन्या शाला खैरागढ़ में 'अनोखे संगम' का साक्षी बना भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन

खैरागढ़ (दावा)। पांच दशक बाद आयोजित भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन में जब सैकड़ों पूर्व एवं भूतपूर्व छात्राएं अपनी पुरानी सहेलियों से गले मिली तो पूरा माहौल भावुक हो उठा। किसी की आंखें छलक पड़ीं तो कोई पुरानी तस्वीरों को निहार कर भाव-विभोर हो गई और किसी के चेहरे पर बचपन जैसी मासूम मुस्कान लौट आई।



### सन 1927 में स्थापित यह ऐतिहासिक संस्थान अब शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहा है

इस लंबे सफर में विद्यालय ने अनगिनत छात्राओं को शिक्षित और सशक्त बनाकर समाज की मुख्यधारा में खड़ा किया। इसी स्वर्णिम परंपरा को याद करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प इस आयोजन में दिखाई दिया।

सम्मेलन का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नंद चंद्राकर, राज्य शिक्षा स्थायी समिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, संस्था के अध्यक्ष आलोक श्रीवास, समाजसेवी अशोक मूणत, विकेश गुप्ता आयश सिंह बोनी, शशांक ताम्रकार, शैलेंद्र मिश्रा, नीलिमा गोस्वामी, ऋषभ सिंह, महेश गिरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने किया।। नगर के नागरिक और बड़ी संख्या में पूर्व छात्राएं व शिक्षक इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। इस अवसर पर विक्रांत सिंह ने कहा कि विद्यालय ही वह जगह है, जहां हम असली जीवन जीते हैं और सच्चे साथी बनाते हैं। यह सम्मेलन हमें बचपन को दोबारा जीने का अवसर दे रहा है और ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, उन्होंने बहुत सी पुरानी स्मृतियों को उकेरा और मंच से ही देर तक भावनात्मक संवाद किया। इससे पहले विद्यालय की सेवानिवृत प्राचार्य डॉ.साधना अग्रवाल ने विद्यालय की अतीत से लेकर अब तक की यात्रा को बड़े ही संवेदनशील शब्दों में सामने रखा और छात्रों को निरंतर बेहतर करने की प्रेरणा दी।

गीत-संगीत, रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़ जैसे पारंपरिक खेलों ने छात्राओं को बचपन की गलियों में लौटा दिया वहीं आनंद मेले में लगे स्टालों पर गुपचुप, समोसा, मोमोज और कचौड़ी का स्वाद हर किसी को खूब भाया वहीं नवरात्र पर्व के अवसर पर 21 कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। सांसद प्रतिनिधि व रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

समापन अवसर पर सांसद संतोष पांडे सहित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। सांसद संतोष पांडे ने कहा आत्मनिर्भर नारी ही सशक्त भारत की पहचान है। शिक्षा और स्वास्थ्य परिवार व समाज को मजबूत बनाते हैं। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति ने घोषणा की कि 2027 में शताब्दी समारोह को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। वहीं पूर्व छात्राओं ने यह संकल्प लिया कि वे विद्यालय के विकास में सक्रिय योगदान देंगी ताकि आने वाली पीढ़ी भी गर्व से कह सके हम भी पुत्री शाला की छात्रा हैं।

## चिखली में शांतिभंग करने वाले दो बदमाश धरे गए

राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के शांति भंग करने वाले बदमाशों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद विवाद की सूचना के आधार पर आज शुक्रवार 3 अक्टुबर को पुलिस का मुखबीरी करते हो कहकर एवं दर्ज अपराध मे जमानत मुचलका पर छोड़ने पर गवाहो के साथ वाद विवाद कर झगड़ा विवाद कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश मुकेश जंघेल पिता शिवप्रसाद जंघेल उम्र 38 साल निवासी मोतीपुर, अरविंद वर्मा पिता भागवत राम वर्मा उम्र 40 साल निवासी चिखली बिहारी चाल वार्ड नं. 06 चौकी चिखली को गिरफ्तार कर पृथक-पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र मे कानून शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## छत्तीसगढ़ साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष नीरेन्द्र साहू के हाथों सम्मानित हुए थगेश्वर साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू भवन राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ साहू समाज प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू का 30 सितंबर को जन्मदिसव बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहें। सभी ने डॉ. नीरेन्द्र साहू को पुष्पहार पहनाकर, गुलाल टीका लगाकर, मुंह मीठाकर जन्मदिवस की बधाई दिए।

इसी अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार का डॉ. नीरेन्द्र साहू के हाथों सम्मान किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे साहू समाज एवं जिला के लिए बहुत ही गौरव की बात है। इस अवसर पर, देवकुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य, डॉ. चेतन साहू, माधव साहू, नीलमणि साहू, यशवंत साहू, ओमप्रकाश साहू, भरत साहू एवं साहू समाज के जिला एवं अंचल के सभी पदाधिकारीगण थंगेश्वर कुमार साहू को बधाई दिए।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी पर कांग्रेस में आक्रोश, एफआईआर दर्ज कराने थाने पहुंचे कार्यकर्ता




खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ कांग्रेस पार्टी में आक्रोश व्यक्त है और गुरुवार 2 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केरल के भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन के द्वारा एक टीवी चैनल पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को सीने में गोली मारने की धमकी देने का मामला तूल पकड़ गया है। इस विवादित बयान ने कांग्रेसजनों में तीखा आक्रोश पैदा कर दिया है। जिसे लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता थाना खैरागढ़ पहुंचे और आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए टी आई अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपा। विधायक ने थाना प्रभारी को चेताया कि यह धमकी न केवल लोकतंत्र और संवैधानिक मर्यादाओं पर हमला है, बल्कि पूरे देश की जनता की सुरक्षा से भी सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विषय है।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता का यह बयान उनकी हिंसक मानसिकता और चरित्र की असलियत उजागर करता है। ऐसे बयानों से राजनीति में असहमति के बजाय नफरत और हिंसा का माहौल फैलाने का प्रयास होता है। कांग्रेसजनों ने मांग की कि आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक उठाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सदस्य निलंबर वर्मा, दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्रजीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहेरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया, सूरज देवांगन, शेखर दास वैष्णव, कन्हैया रजक, महेश यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामसभा मारी मे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता का वाचन किया



राजनांदगांव (दावा)। महात्मा गांधी जी के जयंति के अवसर पर शासन दवारा निर्देशित ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत मारी मे महात्मा गांधी जी को याद करते हुए प्रतिमा का पूजा करने के पश्चात शपथ ली गयी, सचिव तारम द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी कि 'न हम गंदगी करेगे न किसी को करने देगें'। सरपंच महोदया श्रीमति प्रेमलता मार्शल जी ने एक पाती कर्मयोगी के नाम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव का पत्र सबको पढ़ कर अवगत कराया। आगंनबाड़ी की कार्यकर्ता श्रीमति भुनेश्वरी गंधर्व ने बाल विवाह न कराने का संकल्प सभी महिलाओं एवं ग्रामवासीयो को दिलाया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला मारी के प्रधान पाठक और ग्राम सभा के प्रभारी अधिकारी किशन श्यामकुवर ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मे बीस बिन्दुओं पर एक-एक कर ग्रामवासीयों को अवगत कराते हुए बच्चों पर पढ़ाई करने पालको को सहयोग करने कहा। माध्यमिक शाला मारी के प्रधान पाठक श्री मंडावी सर द्वारा शिक्षा मे गुणवत्ता के लिऐ पालको को जन्म प्रमाण पत्र जाति, निवास पर विशेष ध्यान देने कहा गया।

# भाजपा तिलई मंडल में 'सेवा पखवाड़ा' की विविध गतिविधियां संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार तिलई मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के तहत विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया गया।

मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर ने मंच संचालन करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन को सेवा के रूप में मनाने के निर्देश पर आज तीन मुख्य कार्यक्रम संपन्न हुए। मंडल क्षेत्र से आए सभी जातियों के 250 से अधिक बुजुर्ग सामाजिक व्यक्तियों का भगवा गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। जन्म से लेकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक की उपलब्धियों को फ्लेक्स बैनर के माध्यम से विस्तार से प्रदर्शित किया गया। स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया और स्वदेशी संकल्प पत्र भी भरवाया गया।




प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर चला अभियान, 250 से अधिक प्रबुद्ध नागरिकों का हुआ सम्मान

### मोदी जी का जन्मदिन यानी सेवा का संकल्प : खूबचंद पारख

मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते तो अपना जन्मदिन टेलीविजन, समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर करोड़ों रुपये खर्च कर मना सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। पारख ने कहा कि मोदी जी ने निर्देश दिया कि जन्मदिन मनाना है तो सेवा के माध्यम से मनाओं, स्वास्थ्य शिविर लगाओ, पेड़ लगाओ, खेल करवाओ, दिव्यांग उपकरण दो और रक्तदान शिविर आयोजित करो। उन्होंने इस भव्य और सफल आयोजन के लिए मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, तिलई मंडल महामंत्री राकेश साहू एवं यशवंत वर्मा, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता साहू एवं श्रीमती मंजू चंदेल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आराधना के गरबा महोत्सव का कस्तूरबा में बिखरा इंद्रधनुषी रंग

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर की समाजसेवी महिलाओं की संस्था आराधना महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में दो दिवसीय रंगारंग गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। अष्टमी तिथि से शुरू हुए इस महोत्सव में सभी समाज की महिलाओं ने एक साथ आकर गरबा और रास डांडिया नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया। जिससे पूरा कस्तूरबा भवन इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर हो गया। महोत्सव की मुख्य अतिथि ग्राम बोरी की प्रिंसिपल श्रीमती अनिता सहारे थी। उनके साथ मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा बरड़िया, सचिव श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती अलका जानी सहित विभिन्न समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं ने मां दुर्गे अंबे की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



समाजसेवी महिलाओं ने मातारानी की शान में जमकर खेली गरबा, मंडल के सेवा कार्यों की हुई सराहना

### आराधना मंडल के सेवा कार्यों को सलाम

मुख्य अतिथि श्रीमती सहारे ने इस अवसर पर आराधना महिला मंडल के सेवा कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि मंडल की महिलाएं न केवल शहर में, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में गरीब बच्चों को ड्रेस, पुस्तक, कॉपी आदि उपलब्ध कराकर सहायता करती हैं। उन्होंने आगजनी जैसी घटनाओं के पीड़ितों को आर्थिक और गृहस्थी के सामानों से सहायता करने के लिए भी मंडल के सेवा भावी जज्बे को सलाम किया। संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी और अन्य महिलाओं ने झूम-झूम कर गरबा खेलकर मातारानी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पण किए।

### बेस्ट गरबा और ड्रेस का सम्मान

गरबा महोत्सव में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सहारे के हाथों डॉ. अनुपमा सादानी को बेस्ट गरबा और सरला गोलछा को बेस्ट ड्रेस के लिए गिफ्ट हैंपर व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# स्वस्थ नारी से बनेगा सशक्त भारत : नर्सिंग कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत नर्सिंग कॉलेज, राजनांदगांव में महिलाओं के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 30 सितंबर को दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक राष्ट्रीय पोषण माह और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर (अधीक्षक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पेंड्री) और विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रकाश खुंटे (सहायक प्राध्यापक, मेडिसिन विभाग) उपस्थित रहे।




बीएलएस और सीआरपी प्रशिक्षण के साथ योगनिद्रा सेंटर की हुई शुरुआत

### महिलाओं के स्वास्थ्य पर जोर

नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती ममता नायक ने दीप प्रज्वलन के बाद अपने उद्बोधन में कहा कि जब महिलाएं शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होती हैं, तभी एक मजबूत परिवार और समाज की कल्पना की जा सकती है। मुख्य अतिथि डॉ. अतुल देशकर ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए गहरी नींद, संतुलित आहार और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कॉलेज में एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर योगनिद्रा सेंटर की शुरुआत की गई है, जिसका संचालन नर्सिंग सिस्टरों की मदद से किया जा रहा है।

### सीआरपी प्रशिक्षण

विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रकाश खुंटे ने बुनियादी जीवन समर्थन (बीएलएस) विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि दिल की धड़कन या सांस रुकने पर सीआरपी (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) से व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सीआरपी की सही प्रक्रिया समझाई, जिसमें छाती पर 30 बार प्रेशर देने के बाद 2 बार मुंह से सांस दी जाती है। कार्यक्रम में डॉ. सौम्या चेलक (एमबीबीएस इंटर्न) ने मैनिकिन पर सीआरपी का लाइव प्रदर्शन कर महिलाओं को यह महत्वपूर्ण तकनीक सिखाई।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।    * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com